रोहतक
रविवार, 13 अप्रैल 2025
बैशाख मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 72
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 36.4
न्यून. 14.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं
haribhoomi.com

दीन दयाल जन आवास योजना

# दीन दयाल जन आवास योजना प्लॉट

(हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल प्लॉटेड हाउसिंग नीति, 2016 के तहत)

RERA APPROVED

**RERA NO.: RC/REP/HARERA/GGM/786/518/2024/13 Dated: 12.02.2024**

https://haryanarera.gov.in/view_project/project_preview_open/2642

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि LykeHomes Avenue सेक्टर 3, फरूखनगर, गुरूग्राम, हरियाणा में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत आवास भूखंड (हरियाणा सरकार की किफायती प्लॉटेड कॉलोनी **DDJAY-2016** के तहत) पंजीकरण के लिए खुली हैं। विवरण वेबसाइट **www.deendayaljanawasyojnaplot.com** पर उपलब्ध है

**www.deendayaljanawasyojnaplot.com**

शुरुआती मूल्य
**₹ 88.76 लाख**

आवेदन की अन्तिम तिथि
**13-04-2025**

आवंटन की तिथि
**15-04-2025**

आवेदन करने के लिए भुगतान
(100% रिफंडेबल)
**₹ 21000 मात्र**

| Type | Area (Sq.Mtr.) | Area (Sq.yards) | Rate per Square Yard | Registration Amount (Refundable) | 10% at the time of Booking | 40% within 30 days of signing of Agreement to Sale (Bank Loan Available) | 50% on Offer of Possession (Bank Loan Available) | Total Basic Cost* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 102.38 | 122.44 | ₹ 72,500 | ₹ 21,000 | ₹ 8,66,690 | ₹ 35,50,760 | ₹ 44,38,450 | ₹ 88,76,900 |
| B | 135.20 | 161.72 | ₹ 72,500 | ₹ 21,000 | ₹ 11,51,470 | ₹ 46,89,880 | ₹ 58,62,350 | ₹ 1,17,24,700 |

Registration of builder buyer agreement is mandatory after making a total payment of 10%

For Registration Pay Just **Rs. 21,000**

Starting From **Rs. 88.76 Lakhs**




Official RERA Website for the project is www.lykehomes.co.in

हेल्पलाइन : **+91-82-8787-3535**

**Register** www.deendayaljanawasyojnaplot.com

80% तक बैंक ऋण उपलब्ध* SBI HDFC BANK AXIS BANK

# पीएम मोदी की सौगातें समृद्ध हरियाणा के स्वप्न को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगी

## ■ प्रधानमंत्री यमुनानगर और हिसार में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व शुभारंभ करेंगे : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की धरती 14 अप्रैल को एक सुनहरे पल की साक्षी बनने जा रही है, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां विकास की नई गाथा लिखेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि इस अवसर पर यमुनानगर और हिसार में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन होगा, जो आत्मनिर्भर भारत और समृद्ध हरियाणा के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। ये परियोजनाएं न केवल हरियाणा के आधारभूत ढांचे को नई ताकत देंगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार की नई राहें भी प्रशस्त करेंगी।

- ■ यमुनानगर में 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की शुरुआत होगी
- ■ यमुनानगर-जगाधरी नगर निगम क्षेत्र के मुकरबपुर में बनेगा कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट
- ■ महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार से उड़ान को लगेंगे पंख

प्रधानमंत्री यमुनानगर में हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की 800 मेगावाट की आधुनिक थर्मल पावर यूनिट का शिलान्यास करेंगे।

233 एकड़ की विशाल भूमि पर बनने वाली इस तीसरी इकाई पर 8,469 करोड़ रुपये का निवेश होगा। 52 माह की समय-सीमा में यह परियोजना पूरी होगी, और मार्च 2029 तक इसका व्यावसायिक संचालन शुरू होकर हरियाणा को ऊर्जा की स्वर्णिम रोशनी से आलोकित करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोबरधन मिशन से प्रेरित होकर हरियाणा राज्य स्वच्छता, सतत विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में यमुनानगर-जगाधरी नगर निगम क्षेत्र के मुकरबपुर में 90 करोड़ की लागत से बीपीसीएल के सहयोग से कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की आधारशिला रखी जा रही है। वर्ष 2027 तक पूर्ण होने वाली इस परियोजना की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2,600 मीट्रिक टन होगी।

यह प्लांट न केवल जैविक कचरे के प्रबंधन में सहायक होगा, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।



हिसार । प्रधानमंत्री मोदी के स्टेज को तैयार करते एजेंसी के कर्मचारी।

### हवाई सेवाओं का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार से हवाई सेवाओं का भव्य शुभारंभ करेंगे। इस ऐतिहासिक पल में वे अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे। हिसार से अयोध्या के लिए सप्ताह में 2 उड़ानें, हिसार-जम्मू, हिसार-अहमदाबाद, हिसार-जयपुर और हिसार-चंडीगढ़ के लिए सप्ताह में 3-3 उड़ानें देश और हरियाणा के उड्डयन के क्षेत्र में नया इतिहास रचेंगी। इसी दिन हिसार हवाई अड्डे के दूसरे चरण का शिलान्यास होगा, जिस पर 413 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह चरण 17 अप्रैल, 2027 तक पूरा होकर 37,790 वर्ग मीटर का भव्य पैसेंजर टर्मिनल, 2,235 वर्ग मीटर का कारगो टर्मिनल और एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन हरियाणा को गौरव प्रदान करेगा।



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के गांव रामगढ में गांव चलों अभियान कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री को बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। वहीं मुख्यमंत्री ने अंबाला में एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का न्योता दिया।

### रेवाड़ी बाईपास से विकास को गति मिलेगी

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण विकास और आधुनिक परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु उठाए जा रहे ठोस कदमों की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में रेवाड़ी बाईपास परियोजना का सफल क्रियान्वयन संपन्न हुआ है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर 1069.42 करोड़ की लागत से निर्मित यह 14.4 किलोमीटर लंबा बाईपास अब वाणिज्यिक संचालन के लिए पूर्ण रूप से खोल दिया गया है। यह बाइपास न केवल रेवाड़ी शहर के यातायात भार को कम करेगा व लोगों को सुविधा मिलेगी।

### गंगवा ने हिसार में तैयारियों का जायजा लिया

हिसार । लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जायजा लिया है। कैबिनेट मंत्री ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रैली स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की और इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रैली स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बैसाखी सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बैसाखी के पावन अवसर पर राज्य, पंजाब और वैश्विक पंजाबी समुदाय के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि बैसाखी पर्व फसल के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है और कृतज्ञता, खुशी और सामुदायिक भावना के त्योहार के रूप में विशेष महत्व रखता है। यह गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ के गठन की याद भी दिलाता है, जो सिख इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है। राज्यपाल ने कहा कि बैसाखी जैसे त्योहार लोगों की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और एकता को दर्शाते हैं।

### फाउंडेशन ने लगाया 160वां भंडारा

**पंचकूला।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री श्याम करुणा फाउंडेशन द्वारा श्रद्धा और सेवाभाव के साथ 160वां अन्न भंडारा आयोजित किया गया। पंचकूला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1 में फाउंडेशन के संस्थापक और पंचकूला के प्रमुख समाजसेवी अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमिताभ रूंगटा ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और परोपकार के हमारे संकल्प को दोहराने का अवसर है।

### शिक्षकों ने की नियमित करने की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा के 36 आरोही मॉडल स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का भविष्य वर्षों से अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। नियमितीकरण, सातवें वेतन आयोग और अन्य सरकारी सुविधाओं का वादा किया गया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वर्षों से टलती घोषणाओं और अस्थिरता के कारण अब इन शिक्षकों की उम्मीदें टूटने लगी हैं। लगभग 40 शिक्षकों ने 12 वर्षों की सेवा के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

### सीमेंट से भरे कैंटर में आग लगी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम-पटौदी रोड पर सुल्तानपुर झील के सामने शनिवार सुबह सीमेंट से भरे एक कैंटर में अचानक आग लग गई। हादसे में ट्रक पूरी तरह जल गया। गनीमत रही कि ड्राइवर ने समय रहते ट्रक से कूद कर अपनी जान बचा ली। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ड्राइवर जगदीश ने बताया कि वह गुरुग्राम से सीमेंट लोड करके पटौदी की ओर जा रहा था। सुबह करीब 4 बजे अचानक ट्रक के बोनट से धुआं निकलने लगा।

### स्कूलों के लिए आरटीई एक्ट का पालन करना आवश्यक : शिक्षामंत्री

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश के सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम का इस बार हाल में पालन करना होगा। इन सभी स्कूलों को उज्जवल पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकार करने होंगे। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह पोर्टल पहली बार बनाया गया है, ताकि विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि आरटीई एक्ट 2009 की अनुपालना में सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को अलाभप्रद व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए उक्त एक्ट के तहत कक्षा पहली/पूर्व प्राथमिक कक्षाओं हेतु 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करनी होंगी।

### साइक्लोथॉन को प्रदेश भर में मिल रहा समर्थन

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी का ड्रग फ्री हरियाणा संदेश लेकर प्रदेश में जारी साइक्लोथॉन 2.0 निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए गुरुग्राम जिला की प्रमुख सड़कों से शनिवार को साइक्लोथॉन 2.0 होकर गुजरी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम में घामड़ोज टोल प्लाजा से झंडी दिखाकर शनिवार की सुबह यात्रा को झज्जर जिला के लिए रवाना किया। ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम को गुरुग्राम में बड़ा जनसमर्थन मिला। उन्होंने खुद भी साइकिल चलाकर युवाओं को नशा मुक्त हरियाणा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## बारिश व ओलावृष्टि से खराब फसलों की जल्द गिरदावरी करवाए सरकार



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि शासन और प्रशासन की लापरवाही के चलते किसानों की मेहनत कुछ ही घंटों की बारिश, आंधी और ओलावृष्टि में खेतों में खड़ी फसलों और मंडियों में रखे गेहूं को भारी नुकसान हुआ। सरकार को बिना देरी किए तुरंत विशेष गिरदावरी करवाकर नुकसान का निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन करवाया जाए और प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा और राहत राशि प्रदान की जाए। इसके साथ ही मंडियों में फसलों की सुरक्षित भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

किसान देश का अन्नदाता है। उसकी पीड़ा पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई। सिरसा सहित 13 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि ने गेहूं और सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी फसलें और अनाज मंडियों में रखी उपज भीगने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। सिरसा के अलावा फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़, कैथल, रेवाड़ी, सोनीपत, यमुनानगर, झज्जर, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, करनाल और जींद में भी बारिश और आंधी ने फसलों को प्रभावित किया है।

## युवा समाजसेवा के लिए आगे आएं : राज्यपाल



भिवानी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि कलाकार की अपनी एक अलग स्थायी पहचान होती है। कलाकार अपनी कला से पूरी दुनिया में एक अच्छा संदेश दे सकता है। कलाकार ही संस्कृति का आदान-प्रदान करता है। राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में कलाकारों का अहम योगदान होता है। राज्यपाल दत्तात्रेय भिवानी स्थित वैश्य महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अभिव्यंजना के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से समाजसेवा के लिए आगे आने का भी आह्वान किया।

### बहादुरगढ़ में सड़क पर खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार युवक , गंभीर

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रक से बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के लिए ट्रक चालक को जिम्मेदार ठहराया गया है। मांडोठी चौकी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घायल की पहचान संदीप के रूप में हुई है। वह मांडोठी का रहने वाला है और फिजियोथेरिपी का काम करता है। छह अप्रैल को वह छारा से मांडोठी आ रहा था। जब मातन और मांडोठी के बीच पहुंचा तो वहां सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा हुआ था। सामने से किसी वाहन की रोशनी आंखों में लगने के कारण उसे सड़क किनारे खड़ा ट्रक नजर नहीं आया और उससे बाइक टकरा गई।

## पूर्व संसदीय सचिव राठौर के साथ दस लाख की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** कांग्रेस की पूर्व विधायक और पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौर के साथ 10 लाख रुपए का फ्रॉड हो गया। एक व्यक्ति ने राठौर को राष्ट्रीय नेताओं से मिलवाने का आश्वासन दिया। काम न होने पर शारदा ने पैसे वापस मांगे तो व्यक्ति ने चेक दिए जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गए। अब शारदा राठौर ने सेक्टर.17 पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। शारदा राठौर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट मांग रही थीं। जब उन्हें टिकट नहीं मिला तो उन्होंने निर्दलीय अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस पर कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पुलिस को दी शिकायत के मुताबिक शारदा राठौर की बृजभूषण शर्मा नाम के व्यक्ति से जुलाई 2024 में मुलाकात हुई थी। बृजभूषण ने खुद को राष्ट्रीय नेताओं का करीबी बताया। बृजभूषण ने शारदा राठौर को अपने घर चाय पर बुलाया। वहां उसकी पत्नी स्वीटी और 2 बेटे आकाश और अक्षय भी थे। यहां बृजभूषण के परिवार ने राष्ट्रीय नेताओं से मिलवाने और सोशल मीडिया का काम संभालने का वादा किया। इसकी एवज में उसने 10 लाख रुपए मांगे। शारदा राठौर ने बृजभूषण को 10 लाख रुपए दे दिए।आरोप है कि पैसे लेने के बाद बृजभूषण ने न तो किसी राष्ट्रीय नेता से उसकी मुलाकात कराई और न ही सोशल मीडिया वाला काम हुआ। जब उसने बृजभूषण पर पैसे वापस देने का दबाव बनाया तो चेक दिए, लेकिन वह बाउंस हो गए।

- ■ राष्ट्रीय नेताओं से मिलवाने के नाम पर ठगी

## होडल विधायक के बेटों के साथ मारपीट, दूसरे पक्ष ने भी जड़े आरोप

**फरीदाबाद।** होडल से भाजपा विधायक हरेंद्र सिंह रामरतन के बेटों से मारपीट की गई। विधायक के 2 बेटों ने पुलिस को कहा कि उन्हें जिम ट्रेनर और उसके साथियों ने पीटा है। उन्होंने गालियां देकर जातिसूचक शब्द भी बोले। जमीन पर गिराकर लात-घूंसे मारे। वहीं, इस मामले में जिम ट्रेनर ने भी पुलिस को शिकायत दी। उसने पुलिस को बताया कि विधायक के बेटे जिम में अकड़ दिखा रहे थे। वह दूसरे लोगों को जिम में एक्सरसाइज करने के बीच रोकटोक कर रहे थे। उन्होंने गुंडे भी बुलाए, जिनके पास पिस्टल और तेजधार हथियार थे। पुलिस ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। वहीं, विधायक ने कहा कि उनके बेटों को जातिसूचक शब्द बोलकर मारपीट की गई है। वह मारपीट की घटना के बाद बेटों का हाल देखने बीके अस्पताल पहुंचे थे। विधायक के छोटे बेटे विशाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह शुक्रवार की शाम को फरीदाबाद के सेक्टर-28 स्थित एनिटाइम जिम में एक्सरसाइज कर रहा था। इसी दौरान जिम के ट्रेनर व उसके साथियों ने मारपीट की।

- ■ जिम ट्रेनर व उसके साथियों पर आरोप

### पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी

इस मामले को लेकर जिम ट्रेनर पृथ्वी चपराना ने भी पुलिस को शिकायत दी है। उसने कहा है कि शुक्रवार की शाम को जिम में वह एक क्लाइंट को एक्सरसाइज करवा रहा था। इस दौरान विशाल भी जिम में था। वह पास आकर अकड़ने लगा और धक्का-मुक्की करते हुए बोला की देख लेगा। इसके बाद विशाल ने कॉल कर करीब 15 लड़के बुलाए। वे सभी हथियार लेकर पहुंचे थे। झगड़े को बढ़ता देख जिम के मालिक ने उन्हें वहां से जाने के लिए बोल दिया। जब वह जिम से बाहर जा रहे थे तो विशाल के साथ आए एक मुन्ना नाम के लड़के ने उसके साथी रवि और निशांत पर पिस्टल तान दी और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## गुरुग्राम : लघु सचिवालय में खड़ी 15 गाड़ियां जलकर राख

**गुरुग्राम।** लघु सचिवालय में खड़ी गाड़ियों में आग लगने से 15 गाड़ियां जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाडियों को मौके पर भेजा गया जिन्होंने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस घटना में करीब 15 गाड़ियां पूरी तरह से जलकर राख हो गई जबकि 10 गाड़ियों को दमकल विभाग द्वारा जलने से बचा लिया गया। दमकल अधिकारी अजमेर राठी के मुताबिक लघु सचिवालय में खड़ी यह ऑफ रोड गाडियां हैं। समय सीमा खत्म होने के बाद आरटीए विभाग द्वारा इन गाड्यीं को जब्त कर मालखाने में जब्त किया हुआ था। आज दोपहर को तीन बजे अचानक इन गाडियों से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग की लपटे उठने लगी। इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद भीम नगर से एक और सेक्टर-29 से दमकल की दो गाड्यीं को तुरंत ही मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, आग पर काबू पाने में करीब आधा घंटा लग गया।

## फरीदाबाद : बदमाशों ने दुकानदार पर फायरिंग कर नकदी लूटी

**फरीदाबाद।** शहर के पल्ला इलाके में शुक्रवार रात एक किराना दुकानदार पर लूट की नीयत से पहुंचे दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि गोली दुकानदार को नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार घटना सेहतपुर नए पुल के पास स्थित एक मार्केट में रात करीब 10.15 बजे की है। मोनू नाम का दुकानदार अपनी दुकान पर मौजूद था। उसी दौरान स्प्लेंडर बाइक पर दो युवक वहां पहुंचे, जिनमें से एक ने चेहरा ढक रखा था। एक युवक दुकान के अंदर आया और 5 किलो चीनी देने कहा। जब मोनू चीनी तोलने लगा, तभी दूसरा युवक जबरदस्ती गल्ला खोलने की कोशिश करने लगा। मोनू ने विरोध किया तो बदमाश ने देसी कट्टा निकालकर उसे धमकाया और गल्ले की चाबी मांगी। मोनू के मना करने पर बदमाश ने उसके पैर की ओर गोली चला दी, जो पास से निकलकर फ्रीजर में जा धंसी। इसके बाद बदमाशों ने जबरन चाबी छीनी और करीब 18 हजार कैश लूटकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मोनू ने पहले अपने परिजनों दी और फिर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली का खोल बरामद कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना रात करीब 10.30 बजे मिली थी। अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे है।

# पॉलिटेक्निक कॉलेजों की बदल रही तस्वीर, शिक्षक आईआईटी दिल्ली से ले रहे नई टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण

## ■ तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम ■ अभी तक 320 से ज्यादा शिक्षक ले चुके प्रशिक्षण

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे के तकनीकी शिक्षा विभाग में बदलाव की बयार के बेहतर परिणाम सामने आने लगे हैं, विभाग की ओर से शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण के लिए दिल्ली आईआईटी में पहली बार प्रशिक्षण दिया रहा है, अभी तक 320 से ज्यादा शिक्षकों व स्टाफ को दिल्ली में एक से दो दिनों का प्रशिक्षण दिया गया है। अहम बात यहां पर यह है कि विभाग में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी व महानिदेशक प्रभजोत सिंह की पहल पर यह मुहिम चल रही है, वे खुद आईआईटी दिल्ली जाकर डायरेक्टर से मिल चुके हैं।भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर द्वारा हरियाणा को इसलिए भी सहयोग किया जा रहा है, क्योंकि सोनीपत में आईआईटी दिल्ली केलिए हरियाणा ने फ्री में जमीन देने का बड़ा काम किया था। हरियाणा के तकनीकी कॉलेजों की ओर अभी तक 320 से ज्यादा फैकल्टी स्टाफ जा चुका है, भल ही एक दिवसीय ट्रेनिंग हो या फिर दो दिन की इससे स्टाफ को फायदा हो रहा है।




ट्रेनिंग के दौरान वर्कशॉप और सिलेबस एआई, कंप्यूटर तकनीक आदि पर विस्तार से चर्चा हुई है। य़ही कारण भी है कि विभाग में पुराने तकनीक पर आधारित कंप्यूटर्स को बदला जा रहा है। खास बात यह है कि दिल्ली आईआईटी में प्रशिक्षण के लिए जीजेयू वीसी, मुरथल वीसी , वाईएमसी फरीदाबाद वीसी, डीन रिसर्च के साथ साथ इंजीनियरिंग कालेज के स्टाफ भी इसमें शामिल हो रहा है।

### लैब हो रही आधुनिक

विभाग में नए आधुनिक साफ्टवेयर वाले कंप्यूटर लाने की प्रक्रिया के साथ ही लैब में आधुनिक उपकरणों को लेकर फैसला लिया गया है। लेकिन अधिकारियों को सरकारी प्रक्रिया के कारण होने वाली देरी और टेंडर आदि पर अंतिम फैसला नहीं होने के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं डीजी को भी सरकार के आला अफसरों से इस पर बार-बार मंथन करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि टेक्सटाइल, मैकेनिकल सहित कई ब्रांचों में भी बड़े बदलाव की तैयारी है। अहम बात यह है कि उपकरणों, कंप्यूटर आदि की खरीद भी कई साल से नहीं हो रही है इसके लिए विधिवत तकनीकी कमेटी बनी हुई हैं। बताया जा रहा है कि माइक्रोसॉफ्ट ने पूर्व में कुछ फ्री देने का आश्वासन दिया था लेकिन समय निकल जाने व देरी के कारण अब उन्होंने भुगतान की सूरत में ही देने की बात कही है। अधिकारियों को उम्मीद है कि आने वाले दो से तीन माह में इस पर अंतिम फैसला हो जाएगा।

### नए कंप्यूटर व उपकरणों की खरीद जल्द

तकनीकी शिक्षा विभाग पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर को बदलने की तैयारी में है।तीन नए कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर खरीदने की तैयारी है। 5 सौ से ज्यादा कंप्यूटरों की खरीद कार्यालयों में प्रशासकीय कार्यों के लिए करने पर होम वर्क हो चुका है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने आने वाले समय को देखते हुए कई कदम उठाने का फैसला लिया है। फिलहाल, 11 कॉलेज सोसायटी द्वारा संचालित हैं और 127 निजी पॉलिटेक्निक कॉलेज भी हैं। जिनमें करीब 35 हजार छात्र शिक्षा ले रहे हैं. प्रदेश में सीएम की घोषणा पर अमल हुआ, तो चार नए कॉलेजों के खुलने से निर्धारित सीटों की संख्या भी बढ़ जाएगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हिमांशु उर्फ भाउ पुत्र श्री कृष्ण निवासी ग्राम रिटोली, जिला रोहतक, हरियाणा** ने केस **एफआईआर नं. 99/2024 अन्तर्गत धारा 387 आईपीसी, थाना क्राईम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु उर्फ भाउ** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु उर्फ भाउ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 99/2024 अन्तर्गत धारा 387 आईपीसी, थाना क्राईम ब्रांच, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हिमांशु उर्फ भाउ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**समिक्षा गुप्ता**
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, पश्चिम जिला
कमरा नं. 146, प्रथम तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/4577/Crime/2025
(Court Matter)








## प्रदेश सरकार ने लोगों को दी राहत, महंगी नहीं होंगी रजिस्ट्रियां

# हरियाणा में नहीं लागू होगा नया कलेक्टर रेट : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत दी है। अब आने वाले वक्त में जमीन की रजिस्ट्री महंगी नहीं होगी। हरियाणा में अब नया कलेक्टर रेट लागू नहीं होगा बल्कि सूबे के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राजस्व विभाग के प्रस्ताव की स्वीकृति को देने से साफ तौर पर इनकार कर दिया है। इस कारण हरियाणा में इस साल (2025-2026) बढ़ने वाला कलेक्टर रेट नहीं बढ़ेगा। यानी प्रदेश में पहले वाला करेक्टर रेट ही लागू रहेगा। कलेक्टर रेट हर साल अप्रैल में लागू होता है। पूरे वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ठीक पहले इसे संशोधित किया जाता है। नया वित्त वर्ष लागू होने के बाद कलेक्टर रेट को भी लागू किया जाता है, इसलिए अधिकारियों ने कलेक्टर रेट बढ़ाने को लेकर मार्च तक खूब मेहनत भी की थी। अलग-अलग जिलों से रिपोर्ट मंगवाई। इसके हिसाब से कलेक्टर रेट बढ़ाने को लेकर राजस्व विभाग के पास फाइल भेजी थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नए कलेक्टर रेट पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी के लिए कई जिलों में खुद ही 10 से 25 फीसदी की वृद्धि की सिफारिश को लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिए थे, इन दरों को साइट पर अपलोड करने के साथ ही सार्वजनिक आपत्तियां भी मांगी गई थी।

### 10 से 25 फीसदी की वृद्धि होती



नया कलेक्टर रेट लागू होता तो 10 से 25 फीसद की वृद्धि हो जाती। प्रॉपर्टी मामलों के विशेषज्ञों की राय में जमीन की खरीद-बिक्री को लेकर कलेक्टर रेट अहम रोल होता है। अलग-अलग स्थानों पर वहां मार्केट रिसर्च हालात मौजूदा स्थिति के बाद ही कमेटी उस इलाके की जमीन की एक रिपोर्ट तैयार करवाती है। इसके बाद उस रिपोर्ट को राजस्व विभाग के पास भेजा जाता है और बाद में फाइल सरकार के पास भेजा जाता है। रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार फैसला लेती है कि उस जमीन की खरीद बिक्री, रजिस्ट्री, नाम ट्रांसफर करना इत्यादि को लेकर सरकार एक रेट तय करती है। रेट तय होने के बाद तय रेट से कम में जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती है। जमीन के कलेक्टर रेट किसी भी शहर, किसी भी जिले में उसका स्थानीय प्रशासन सर्वे करके तय करता है। यह अलग-अलग जिले में, अलग-अलग शहर में, अलग-अलग इलाकों में जमीन की वेल्यू बाजार की कीमत के आधार पर ही तय किया जाता है।

### न्यूनतम रेट, संपत्ति की खरीद बिक्री के लिए

कलेक्टर रेट किसी भी जिले में जमीन की न्यूनतम कीमत है। जिस पर कोई प्रॉपर्टी खरीदार को बेची जा सकती है या फिर खरीदी जा सकती है। जमीन का रेट बाजार के आधार पर समय-समय पर बदलता रहता है। ऐसे में अगर कलेक्टर रेट को लागू किया जाता तो जनता को और भी समस्या आती। प्लॉट महंगे होते, रजिस्ट्री महंगी हो जाती। और लोगों के बजट पर बाहर होता है।

### पंजीकरण फीस

- 20 से 25 लाख तक की प्रॉपर्टी के लिए 20000 रुपये
- 40 से 50 लाख तक की 25000 रुपये
- 50 से 60 लाख तक की प्रॉपर्टी के लिए 30000 रुपये
- 60 से 70 लाख तक की 35000 रुपये

### मनोहर लाल का ऐलान पंचायती जमीन पर 20 साल से बने मकानों को मिलेगा मालिकाना हक



**पानीपत।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पानीपत के गीता यूनिवर्सिटी में महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि पंचायती जमीन पर 500 गज तक के मकान जो पिछले 20 साल से बने हैं, उनके मालिकों को सरकारी दर पर मुआवजा देकर मालिकाना हक दिया जाएगा। खट्टर ने गांव नौल्था और आसन की पंचायतों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि केंद्र और हरियाणा सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दे रही है। गांवों में तालाबों और फिरनी को सुंदर बनाया जाएगा। तालाबों में स्वच्छ पानी भरा जाएगा, जिससे पशुओं को पीने का पानी मिल सके। कार्यक्रम में हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार, जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और जिला महामंत्री रोशन लाल मोहल्ला मौजूद रहे।

आंतकी तहव्वुर राणा से एनआईए ने दूसरे दिन भी की पूछताछ

# 26/11 के मास्टरमाइंड साजिद मीर के संपर्क में था तहव्वुर

नई दिल्ली ▶▶ एजेंसी

2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को दूसरे दिन भी पूछताछ की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राणा ने पूछताछ में बताया कि वह वैश्विक आतंकी साजिद मीर से लगातार संपर्क में था, जो 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। इसके अलावा पूछताछ में राणा ने 'दुबई मैन' का नाम लिया है, जिसे हमले की पूरी प्लानिंग पता थी। एजेंसी को शक है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान और दुबई के बीच नेटवर्क संभालता था और हमलों की फाइनेंसिंग,



लॉजिस्टिक सपोर्ट में अहम भूमिका निभा रहा था। ये भी पता चला है कि राणा का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी करीबी संपर्क था और उसे पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव था। इससे पहले एनआईए ने पूछताछ के पहले दिन शुक्रवार को 3 घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह सहयोग नहीं कर रहा है।

*(संबंधित खबर पेज 6 पर)*

- पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव, पूछताछ में दुबई मैन का नाम लिया
- पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी था राणा का करीबी संपर्क, एनआईए जुटा रही जानकारी

### एनआईए को मिली है 18 दिन की कस्टडी

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार करेगी। आखिरी दौर की पूछताछ के बाद डिस्क्लोजर स्टेटमेंट में उसे रिकॉर्ड पर लिया जाएगा। यह केस डायरी का हिस्सा होता है।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना का जेसीओ शहीद

**श्रीनगर/जम्मू (भाषा)।** जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था।

किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने जैश के 3 आतंकी मार गिराए
**शुक्रवार रात से चल रही मुठभेड़**

## दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा/बीजापुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर के भैरमगढ़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच लाख रुपये के इनामी कमांडर पूनेम समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया है। तीनों के शव के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बीजापुर के इंद्रावती क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद करीब 400 जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। जवानों ने 2025 में अब तक 146 नक्सलियों को मार गिराया है। दोनों जिलों का यह संयुक्त अभियान चलाया गया। मारे गए 2 नक्सलियों में से एक के 6 जनवरी को हुए बीजापुर जिले के अंबेली ब्लास्ट की घटना में शामिल होने की बात सामने आ रही है।

जवानों ने नक्सलियों को घेरा शव और हथियार बरामद
**2025 में अब तक 146 नक्सली मारे**

### आईपीएल में आज



राजस्थान रायल्स V/S रायल चैलेंजर बेंगलुरु
- : समय : 3.30 PM
दिल्ली कैपिटल्स V/S मुंबई इंडियन्स
- : समय : 7.30 PM

### खबर संक्षेप

#### सुखबीर बादल फिर शिअद के अध्यक्ष बने

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में शनिवार को आयोजित की गई शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रतिनिधियों की बैठक में सुखबीर सिंह बादल को फिर से पार्टी अध्यक्ष चुना गया। बादल के नाम का प्रस्ताव पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने रखा, जबकि पार्टी नेता परमजीत सिंह सरना ने इसका समर्थन किया। शिरोमणि अकाली दल के नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए बैठक यहां श्री दरबार साहिब परिसर में तेजा सिंह समुंदरी हॉल में आयोजित की गई। **(भाषा)**

#### नेशनल हेराल्ड : कब्जे में ली जाएगी 661 करोड़ रु. की संपत्ति, नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में एक्शन शुरू कर दिया है। ईडी ने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं। इन संपत्तियों को ईडी ने कांग्रेस के नियंत्रण वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच में कुर्क किया था। मुंबई, दिल्ली और लखनऊ में नोटिस चिपकाए गए हैं। जांच एजेंसी ने कहा कि उसने दिल्ली में आईटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल भवन में ये नोटिस चिपकाए हैं। **(एजेंसी)**

## मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून का विरोध, भड़की हिंसा

# भीड़ ने पिता-बेटे को पीट-पीटकर मारा अब तक 3 की मौत, 118 लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

वक्फ (संशोधन) विधेयक के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल हो गया। हिंसा जिले के शमशेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई। शुक्रवार को भी धुलियान में हिंसा भड़की थी। यहां एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसकी शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। लिहाजा मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।



कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश सेंट्रल फोर्स तैनात करें

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि शनिवार की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस की ओर से गोली नहीं चली है। प्रदर्शनकारियों पर सिर्फ आंसू गैस के गोले दागे गए। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को मुर्शिदाबाद समेत चार जिलों में हिंसा हुई थी।

### ट्रम्प ने स्मार्टफोन-कंप्यूटर से रेसिप्रोकल टैरिफ हटाया

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ से छूट दी है। यह घोषणा ऐसे वक्त पर की गई, जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने विदेशी वस्तुओं पर एक सदी में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाया था। अमेरिका कस्टम एंड बॉर्डर पेट्रोल (सीबीपी) ने नोटिस जारी कहा कि छूट में चीन से अमेरिका आने स्मार्टफोन और उसके इक्विपमेंट समेत कई इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल हैं। जिन पर वर्तमान में 145 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया था। सीबीपी के नोटिस में सेमीकंडक्टर, सोलर सेल, फ्लैट पैनल टीवी डिस्प्ले, फ्लैश ड्राइव और मेमोरी कार्ड को भी छूट दी गई।

सेमीकंडक्टर, सोलर सेल और मेमोरी कार्ड को भी छूट, फैसले से अमेरिकी टेक कंपनियों को राहत

**विधेयक मुद्दा** 415 पृष्ठों का फैसला अदालत की वेबसाइट पर अपलोड

# राष्ट्रपति को विधेयकों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए : न्यायालय



- इस अवधि से परे देरी के मामले में उचित कारण दर्ज कराने होंगे
- संबंधित राज्य को सूचित करना होगा, राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए

### पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' की अवधारणा नहीं अपना सकते

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा गया,'' राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह के विपरीत, मंजूरी न दिए जाने की स्थिति में राज्यपाल को अधिकतम तीन महीने की अवधि के भीतर एक संदेश के साथ विधेयक को वापस करना होगा।'' पीठ ने कहा कि राज्यपाल सहमति को रोक नहीं सकते और 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। पीठ ने कहा, ''अनुच्छेद 201 के तहत अपने कार्यों के निर्वहन में राष्ट्रपति को कोई 'पॉकेट वीटो' या 'पूर्ण वीटो' उपलब्ध नहीं है।

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार यह निर्धारित किया है कि राज्यपाल द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर उन्हें तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय लेना चाहिए। दरअसल चार दिन पहले शीर्ष अदालत ने उन 10 विधेयकों को मंजूरी दी जिन्हें तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा था। साथ ही न्यायालय ने सभी राज्यपालों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई के लिए समयसीमा निर्धारित की थी। 415 पृष्ठों का यह फैसला शुक्रवार रात 10.54 बजे शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। न्यायालय ने कहा, ''हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाना उचित समझते हैं... और निर्धारित करते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर निर्णय लेना आवश्यक है।'' शीर्ष अदालत ने कहा, इस अवधि से परे किसी भी देरी के मामले में, उचित कारण दर्ज कराने होंगे और संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और अगर कोई प्रश्न उठाए जाएं तो उनके उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करना चाहिए।''

### शीर्ष कोर्ट ने 8 अप्रैल को ऐतिहासिक फैसला लिया

न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने राष्ट्रपति के विचारार्थ 10 विधेयकों को सुरक्षित करने के फैसले को आठ अप्रैल को अवैध और कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण करार देते हुए खारिज कर दिया था। संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को उसके समक्ष प्रस्तुत विधेयक पर स्वीकृति देने, स्वीकृति रोकने या राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का अधिकार देता है। उच्चतम न्यायालय ने समयसीमा निर्धारित की और कहा कि इसका अनुपालन न करने पर राज्यपालों की निष्क्रियता न्यायालयों के न्यायिक समीक्षा के अधीन हो जाएगी। न्यायालय ने कहा, ''विधेयक को मंजूरी न दिए जाने या राज्य मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे जाने की स्थिति में राज्यपाल से तत्काल कदम उठाने की अपेक्षा की जाती है, जो अधिकतम एक महीने की अवधि के अधीन है।'




## खबर संक्षेप



### पौली में आसमानी बिजली गिरने से घर में आई दरारें

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के पौली गांव में आसमानी बिजली गिरने से एक मकान में दरारें आ गई। मकान को काफी नुकसान हुआ है। बिजली गिरने से घर में लगी इंवर्टर, बैटरी और इलेक्ट्रिक वायरिंग जलकर राख हो गई। ऐसे में मकान में काफी नुकसान हुआ है। पौली गांव निवासी श्यामसुंदर ने बताया कि शुक्रवार रात अचानक मौसम ने करवट ली और आंधी के साथ बरसात आई तो साथ में आसमानी बिजली भी चमकने लगी। अचानक उनके मकान पर आसमानी बिजली गिर गई। आसमानी बिजली गिरने से घर में लगे इंवर्टर, बैटरी और सारी वायरिंग जलकर राख हो गई। आसमानी बिजली गिरने से घर में लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

### एक किलो अफीम सहित राजस्थान का युवक धरा

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को भारी मात्रा में अफीम सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान कन्हैया लाल बेरवा पुत्र शंकर लाल निवासी तुमड़िया, चित्तौडगढ़, राजस्थान के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी।

### केमिकल युक्त पानी से रास्ता बंद, इलाकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही

# राजस्थान के दूषित पानी छोड़ने से फिर तकरार

- रैंप हटाकर पानी हरियाणा में जाने देने की दी नसीहत
- चेयरमैन ने बाबा बालकनाथ को दिया दो टूक जवाब

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

राजस्थान की ओर से धारूहेड़ा में आने वाले केमिकल युक्त पानी का रास्ता बंद करने के बाद भिवाड़ी के आसपास के इलाकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोकल विधायक बाबा बालकनाथ को हलके के लोगों के रोष का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने भिवाड़ी के दूषित पानी को धारूहेड़ा की ओर बहने देने के लिए चेयरमैन कंवरसिंह यादव को तेवर दिखाते हुए रैंप तुड़वाने का दबाव बनाने का प्रयास किया, परंतु चेयरमैन बाबा को दो टूक शब्दों में बोल दिया कि उनके रहते एक बूंद पानी हरियाणा की सीमा में नहीं आने दिया जाएगा।

शुक्रवार देर सायं हल्की बरसात की आड़ में भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र से एक बार फिर दूषित पानी छोड़ दिया गया। यह पानी धारूहेड़ा सीमा पर बनाए गए रैंप से टकराकर राजस्थान में ही एकत्रित हो गया। इसी बीच तिजारा के भाजपा विधायक बाबा बालकनाथ शनिवार सुबह भिवाड़ी मोड़ पर एक फिजियो सेंटर के शुभारंभ अवसर पर पहुंच गए। उनके पास भिवाड़ी के कई पार्षद भी पहुंच गए। इन पार्षदों ने बाबा बालकनाथ के समक्ष मांग दोहराई कि हरियाणा की सीमा में रोके जाने वाले दूषित पानी का रास्ता खुलवाया जाए, ताकि भिवाड़ी क्षेत्र के लोगों की समस्या का समाधान हो सके। इसी दौरान धारूहेड़ा नपा चेयरमैन कंवर सिंह यादव व पूर्व भाजपा विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास भी वहां पहुंच गए। तीनों के बीच दूषित पानी को लेकर बातचीत शुरू हुई। बाबा बालकनाथ ने चेयरमैन को बताया कि वह रैंप हटाकर भिवाड़ी के पानी का रास्ता खोल दें। इस पानी को आगे बहादुरगढ़ की ओर भिजवाने के लिए ड्रेन का निर्माण करवा दिया जाएगा। बाबा ने चेयरमैन से सख्त लहजे में बात की, परंतु चेयरमैन ने बिना किसी दबाव में आए बाबा को दो टूक शब्दों में जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि जब तक वह नपा के चेयरमैन हैं, तब तक राजस्थान का एक बूंद पानी धारूहेड़ा में नहीं आने देंगे। दोनों के बीच काफी देर तक नोंकझोंक हुई। बाबा ने चेयरमैन से कहा कि वह भी हरियाणा के महेश्वरी क्षेत्र से भिवाड़ी की ओर जाने वाले पानी को रोकें, जिसके जवाब में चेयरमैन ने सहमति जताते हुए इंतजाम करने की बात कही।





**रेवाड़ी।** बरसात के बाद सड़क पर एकत्रित भिवाड़ी से आया दूषित पानी। फोटो: हरिभूमि

### बाबा ने सख्त लहजे में की बात



बाबा बालकनाथ से शनिवार को मुलाकात हुई। उन्होंने दूषित पानी का रास्ता खोलने के लिए सख्त लहजे में बात की, परंतु मैंने बाबा को बता दिया कि राजस्थान का एक बूंद पानी इधर नहीं आने दिया जाएगा। बाबा ने इसके लिए ड्रेन बनवाने की बात भी कही। अगर राजस्थान ट्रीट किया हुआ पानी भेजता है, तो उससे कोई आपत्ति नहीं है। दूषित पानी को किसी भी हाल में नहीं आने दिया जाएगा। -**कंवरसिंह यादव**, चेयरमैन।

### रेवाड़ी के डीसी से बात करने का दावा

बाबा बालकनाथ ने चेयरमैन को बताया कि बताया कि वह पानी का रास्ता खुलवाने के लिए रेवाड़ी के डीसी अभिषेक मीणा से भी बात कर चुके हैं। इस बात पर सहमति हुई है कि पानी को ड्रेन बनवाकर बहादुरगढ़ की ओर भेजा जाएगा। जवाब में कंवर सिंह ने कहा कि डीसी राजस्थान के रहने वाले हैं, इसलिए वह दूषित पानी हरियाणा में बहने देने के पक्ष में नजर आ रहे हैं, परंतु वह भी पानी को रोके रखने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से बातचीत कर चुके हैं। राव ने दूषित पानी के धारूहेड़ा की ओर बहाव रोके रखने पर सहमति जताई है।



**रेवाड़ी।** चेयरमैन व पूर्व विधायक से बातचीत करते हुए बाबा बालकनाथ।

### हल्की बरसात के बाद छोड़ा पानी

शुक्रवार देर सायं तक हुई हल्की बरसात के बाद भिवाड़ी की ओर से भारी मात्रा में दूषित पानी छोड़ दिया गया। धारूहेड़ा सीमा में रैंप बना होने के कारण यह पानी वहां आकर एकत्रित हो गया। सोहना नेशनल हाइवे पर काफी दूर तक दूषित पानी एकत्रित होने से वाहन चालकों से लेकर आसपास रहने वाले लोगों तक के लिए आफत खड़ी हो गई। यह पानी सड़क पर एकत्रित है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी में कुछ वाहन बंद हो गए, जिन्हें धक्के देकर पानी से बाहर निकाला गया।

### सुलझ नहीं रहा दो राज्यों का मामला

भिवाड़ी क्षेत्र के उद्योगों का दूषित पानी एक दशक से हरियाणा और राजस्थान दोनों राज्यों के बीच बड़ा विवाद बन चुका है। इसे सुलझाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह करीब तीन साल पहले तक भरसक प्रयास किए थे। दोनों राज्यों के शीर्ष अधिकारियों तक की बैठकें कराई थीं, परंतु परिणाम शून्य ही रहा। राजस्थान विधानसभा चुनावों से पहले तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने भिवाड़ी की सीमा पर रैंप बनाने को स्वीकृति देते हुए दोनों राज्यों के अधिकारियों की बैठक भी ली थी, लेकिन बैठक के बाद भी समाधान नहीं निकल पाया।



**झज्जर।** लिंग भ्रूण जांच में शामिल पकड़े गए आरोपियों व पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ पीसीपीएनडीटी टीम के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### बुलंदशहर में की जा रही थी जांच, 28 हजार में हुई डील

# झज्जर के डॉक्टरों ने यूपी में पकड़ा लिंग जांच गिरोह

- घर में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से हो रही थी भ्रूण लिंग जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम द्वारा यूपी के बुलंदशहर में किए की जा रही अवैध लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने बताया कि जिला समुचित प्राधिकरण को गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी के बुलंदशहर में अवैध भ्रूण लिंग जांच गिरोह सक्रिय है, जो झज्जर और आस-पास के क्षेत्र की महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच करके मोटी रकम वसूलते हैं।

इसके बाद टीम का गठन किया गया। जिसमें पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉक्टर संदीप कुमार, डॉक्टर बसंत कुमार दूबे, डॉक्टर बिनिका एवं विनोद कुमार शामिल रहे। टीम के साथ पुलिस विभाग से महिला हेड कांस्टेबल रीना व दीपक भी शामिल रहे। टीम ने बुलंद शहर की टीम से संपर्क साधा गया। जिसमें डॉक्टर प्रवीण कुमार व डॉक्टर गौरव सक्सेना शामिल हुए।

### प्रविंद्र नामक एजेंट के साथ सौदा तय किया

संयुक्त टीम द्वारा सूचक द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रविंद्र नामक एजेंट के फोन पर बात 28 हजार रुपये में भ्रूण लिंग जांच करने का सौदा तय किया गया। एजेंट ने स्याना अड्डा बुलंदशहर के पास आकर संपर्क करने की बात कही। इसके बाद मिथ्या ग्राहक को लेकर टीम बताए गए स्थान पर पहुंची जहां मिथ्या ग्राहक के पति सोमवीर से एजेंट ने 28 हजार रुपये ले लिए और दूसरे एजेंट अजय को बुलाया जो मिथ्या ग्राह को अपनी बाइक पर बैठाकर एक में ले गया।

### एजेंटों के साथ मुख्य सरगना को भी पकड़ा

टीम सदस्यों ने जहां अल्ट्रासाउंड कराया गया था उस घर में पहुंच कर एजेन्ट शिवम व अल्ट्रासाउंड ऑपरेटर विवेक को पकड़ लिया। टीम ने विवेक से दस हजार रुपये व अल्ट्रासाउंड मशीन बरामद की। इस दौरान उस मकान में किराए पर रहने वाली महिला विशाखा शर्मा 18 हजार रुपये की राशि के साथ फरार होने में सफल हो गई। अल्ट्रासाउंड मशीन एजेन्ट शिवम लेकर आया था और यह मशीन एक अन्य व्यक्ति अमित की है। टीम के कहने पर विवेक ने अमित को फोन करके पास में ही एक जगह पे अल्ट्रासाउंड मशीन देने के लिए बुलाया। फिर विवेक की मदद से टीम ने अमित को भी पकड़ लिया जो यह गिरोह चला रहा था।

### रेवाड़ीः ईंट भट्टे पर रह रहे 6 बांग्ला देशी पकड़े, रामपुरा थाने में केस दर्ज



**रेवाड़ी।** पुलिस की ओर से पकड़े गए बांग्ला देशी।

**रेवाड़ी।** खुफिया विभाग ने जाडरा के एक र्इंट भट्टे पर अवैध रूप से 6 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। उनके खिलाफ रामपुरा थाने में नागरिकता कानून के तहत केस दर्ज कराया गया हे। इससे पूर्व एक र्इंट भट्टे से 18 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया था। खुफिया विभाग ने जाडरा के एक र्इंट भट्टे पर रहे बांग्लादेश के कुरीग्राम जिला के गांव पश्चिम नागेश्वरी निवासी मोसिहार खान को पकड़कर पूछताछ की। उससे भारतीय नागरिकता के दस्तावेज दिखाने को कहा, तो उसने दस्तावेज होने से इनकार कर दिया। विभाग की टीम ने वहां रह रहे उसी के परिवार के अन्य सदस्यों को भी काबू कर लिया। इनमें मोसिहारा की पत्नी मुस्लीमा, बेटा इकरामुल व एक नागालिग, आलफोना तथा एक 2 साल का बच्चा पकड़कर रामपुरा पुलिस के हवाले कर दिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद आगामी कार्यवाही शुरू कर दी।

### एनडीए पास कर लेफ्टिनेंट बना कृष, क्षेत्र में खुशी की लहर

**सोनीपत।** अगर दिल में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। इस बात को सच कर दिखाया है सोनीपत के आर्य नगर निवासी कृष ने, जिन्होंने कठिन परिश्रम और अटूट संकल्प के बल पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। कृष की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनका परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गर्व महसूस कर रहा है। जैसे ही कृष के लेफ्टिनेंट बनने की सूचना परिवार को मिली, घर में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों का तांता लग गया। रिश्तेदार, आस-पड़ोस के लोग और सामाजिक संगठन कृष के परिवार को बधाई देने उनके घर पहुंचे। घर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कृष ने बताया कि उनके बड़े भाई आयुष ने उन्हें आर्मी में जाने के लिए प्रेरित किया और उनके सपनों को साकार करने के लिए हर कदम पर साथ दिया।



### बहादुरगढ़ः धमाके से कमरे की दीवार गिरी, छत को भी नुकसान पहुंचा

# गैस सिलेंडर फटने से प्रवासी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

झज्जर रोड स्थित एक कॉलोनी में बीती रात को हादसा हो गया। यहां एक मकान में छोटा गैस सिलेंडर फट गया। इस हादसे में एक प्रवासी व्यक्ति बुरी तरह से झुलस गया। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। उसकी हालत नाजुक है। वहीं, धमाके के चलते कमरे की दीवार भी गिर गई। हादसा शुक्रवार की रात को आईटीआई के निकट स्थित श्यामजी कॉलोनी में हुआ। दरअसल, यहां एक मकान में बने कमरों में कुछ प्रवासी रहते हैं। इनमें से एक यूपी का निवासी मनोज है। वह यहां अकेला रहता है और दिहाड़ी मजदूरी करता है। बताते हैं कि शुक्रवार की रात को वह खाना बना रहा था। इसी दौरान गैस का छोटा सिलेंडर फट गया। तेज धमाके के चलते वह बुरी तरह से झुलस गया। उसके कमरे की खिड़की उखड़ गई और दीवार गिर गई। कमरे में रखा सामान नष्ट हो गया और छत को भी नुकसान पहुंचा। धमाके की आवाज सुनकर आसपास रह रहे अन्य लोग आए और उसको संभाला। उसे नागरिक अस्पताल में लेकर गए। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सिलेंडर किन परिस्थितियों में फटा ये जांच का विषय है। लेकिन कमरे के हालात हादसे की भयावता बयां कर रहे हैं। धमाके के चलते आसपास के लोग भी सहम गए थे।



**बहादुरगढ़।** धमाके के चलते उखड़ी कमरे की दीवार। फोटो: हरिभूमि

### चलती कार में लगी आग, चालक झुलसा

**सोनीपत।** शनिवार को चलती कार में अचानक आग लग गई। इस दौरान कार चालक बुरी तरह झुलस गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 टीम ने चालक को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद चालक को पीजीआई रेफर कर दिया। सोनीपत से जीटी रोड की तरफ शनिवार दोपहर सेक्टर-7 के रास्ते से वैगनआर कार जा रही थी। सेक्टर-7 मोड़ के पहुंचने पर कार में अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही सेकेंड में कार में आग लग गई। चालक कार से नहीं निकल पाया। तभी वहां से गुजर रही डायल-112 टीम के पुलिसकर्मियों ने कार में लगी आग को देखा। राहगीरों की मदद से चालक को कार से बाहर निकाला और नागरिक अस्पताल में भेजा गया।

### नरवानाः आईटीआई में रोजगार मेला 15 को

**नरवाना।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई नरवाना में 15 अप्रैल मंगलवा को एक दिवसीय मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य ओमपाल ने जानकारी दी कि इस मेले का उद्देश्य युवाओं को बेहतर और स्थायी रोजगार अवसर प्रदान करना है। सोनालिका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेडए होशियारपुर तथा एण्केण ऑटोमोटिवए रोहतक जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य आईटीआई पास युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। रोजगार मेले में केवल आईटीआई पास उम्मीदवार ही भाग ले सकते हैं। फिटर टर्नर इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के पासआउट के लिए उपयुक्त है।

## राशिफल

**मेष:** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु:** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

# स्कीम के बहाने व्यापारी से ठगा सोने का कड़ा

देवीलाल पार्क के पास स्कूटी सवार तीन युवकों ने की वारदात

**बहादुरगढ़।** देवीलाल पार्क के पास एक किरयाणा व्यापारी के सामान ठगी की वारदात हो गई। स्कूटी पर सवार होकर आए तीन शातिरों ने बीपीएल स्कीम की जानकारी देने के बहाने उसको बातों में उलझाया और सोने का कड़ा लेकर चंपत हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात काठमंडी के निवासी फूल कुंवार के साथ हुई है। फूल कुंवार का कहना है कि शनिवार की सुबह वह देवीलाल पार्क के पास घूमने गए थे। करीब साढ़े सात बजे जब नंद द्वार के पास पहुंचे तो वहां स्कूटी सवार एक युवक मेरे पास आया। उसने चेहरा रुमाल से ढक रखा था। पहले उसने बीपीएल कैंप के बारे में पूछा और फिर बीपीएल स्कीम बताने लगा। इसके बाद स्कूटी सवार दो और युवक आए। उन्होंने हेलमेट लगा रखे थे। वे भी वही स्कीम बताने लगे। बातों ही बातों में उन्होंने मेरे हाथ से सोने का कड़ा उतरवा लिया। फिर वहां से चंपत हो गए। वारदात कुछ इस तरह से हुई कि वह कुछ समझ नहीं सके। जब तक समझ पाए, देर हो चुकी थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। इस तरह की कई वारदात हो चुकी हैं।

### रोहतक की राज्य स्तरीय बैठक में लिया निर्णय

# 26 अप्रैल को रोहतक में बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के राज्य चुनाव होंगेः लाजवन्ती बेवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शनिवार को रोहतक स्थित सर्व कर्मचारी संघ मुख्यालय में बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की एक अहम राज्य स्तरीय बैठक राज्य संयोजक लाजवंती बेवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन महासचिव हरिनिवास ने किया बैठक में राज्य कमेटी के नेताओं के अलावा हरियाणा प्रदेश के सभी जिला प्रधानों, सचिवों एवं अन्य वरिष्ठ एवं सक्रिय कर्मचारी नेता शामिल रहे। बैठक के बाद राज्य संयोजक लाजवन्ती बेवाल व महासचिव हरिनिवास ने प्रेस को दिये अपने संयुक्त बयान में बताया कि आज की बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य कमेटी के चुनाव 26 अप्रैल 2025 को रोहतक में होने तय हुए। जिसमें हरियाणा के सभी 22 जिलों के प्रतिनिधि अपनी भागीदारी देंगे। बैठक में राज्य कमेटी और सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने एमपीएचई की पहचान अनुरूप पूर्णतः अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण भागीदारी का आश्वासन दिया। यह जानकारी राज्य संयोजक लाजवन्ती बेवाल ने दी है।




**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

हम, रमेश कुमार पुत्र श्री गंगाराम व निर्मला देवी पत्नी रमेश कुमार निवासी मकान नंबर-113/25, गली नंबर-3, बादली रोड, नियर होली एंजल हाई स्कूल, रणजीत कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र गौरव व पुत्रवधु मिनाक्षी हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## शब्द पहेली - 5835



**बाएँ से दाए**


1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5834 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |





# डब्लूटीसी : अंक प्रणाली में बदलाव पर सहमत हो सकता है आईसीसी

एजेंसी ▶▶| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अगले चक्र से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक प्रणाली में बड़े बदलावों पर सहमत हो सकता है जबकि सप्ताहांत में जिम्बाब्वे में बैठकों के दौरान टेस्ट क्रिकेट को दो स्तर में विभाजित करने के विवादास्पद प्रस्ताव को स्थगित करने की संभावना है। शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

खेल की वैश्विक संचालन संस्था लंबे समय से जीत के अंतर के आधार पर बोनस अंकों की एक नई प्रणाली पर विचार कर रही है जैसी रग्बी यूनियन में उपयोग की जाती है। इसमें विरोधी टीम की ताकत के आधार पर जीत के लिए अंक दिए जाते हैं और विरोधी के मैदान पर जीत के लिए अतिरिक्त अंक मिलते हैं। यह बैठकों की श्रृंखला के दौरान चर्चा का एक बड़ा मुद्दा हो सकता है।

**जीत के अंतर के आधार पर बोनस अंकों की नई प्रणाली पर विचार**




### मौजूदा अंक प्रणाली

मौजूदा डब्ल्यूटीसी प्रणाली समान संख्या में अंक प्रदान करती है जिसमें जीत के लिए 12, टाई के लिए छह और ड्रॉ के लिए चार अंक दिए जाते हैं जिससे असंतोष पैदा हुआ है कि क्रिकेट के 'बिग थ्री' भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को 'एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के कारण नुकसान होता है।'

### दक्षिण अफ्रीका की उपलब्धि से नाराजगी

रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस साल के फाइनल में पहुंचने में दक्षिण अफ्रीका की उपलब्धि ने कुछ नाराजगी पैदा की क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया के साथ खेले बिना ऐसा किया। वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीतने, भारत के खिलाफ ड्रॉ और भारत में हार के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार फाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त अंक हासिल किए।'

### ओवर गति जुर्माने पर चर्चा

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ओवर गति जुर्माने के मुद्दे पर भी चर्चा होगी। रिपोर्ट में कहा गया, 'मौजूदा सत्र में नौ में से छह टीम को धीमे खेल के लिए जुर्माने का सामना करना पड़ा है जिसमें इंग्लैंड को सबसे अधिक नुकसान हुआ। उन्होंने अपने अभियान में 22 अंक गंवाए और 41.5 के अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर रहे। हालांकि इस अवधि के दौरान उनका जीत प्रतिशत 51.5 रहा जो फाइनल में पहुंचे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ है।'

### टेस्ट दो स्तर में नहीं होगी विभाजित

रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीसी फिलहाल टेस्ट क्रिकेट को दो स्तर में विभाजित करने की योजना को रोक सकता है और एकल लीग डब्लूटीसी प्रारूप को जारी रख सकता है। रिपोर्ट में कहा गया, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के दो स्तर के प्रस्ताव पर मतदान नहीं होगा।' इसमें कहा गया है कि आईसीसी को दो स्तरीय प्रणाली के खेल और वित्तीय प्रभावों को समझने के लिए और समय चाहिए और यह प्रस्ताव 2027-2029 डब्ल्यूटीसी चक्र से पहले एजेंडे में हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया, 'अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे को डब्ल्यूटीसी में जोड़कर छह टीम के दो डिविजन के विस्तार करने के बजाय 2027 तक चलने वाला अगला सत्र अपने मौजूदा नौ टीम के प्रारूप को बनाए रखेगा।'

खास खबर

## रोहित और राहुल पर होगी निगाह





**नई दिल्ली।** खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा रविवार को यहां मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में स्पिनरों की कड़ी चुनौती से पार पाकर आईपीएल में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास करेंगे। रोहित जहां रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं वहीं मुंबई की टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो दिल्ली के कुशल बल्लेबाज के एल राहुल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| बेंगलोर | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



निकोलस पूरन
349 रन
लखनऊ

**पर्पल कैप**



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

आईपीएल: लगातार चार जीत के बाद हारी टाइटंस की टीम

# लखनऊ के नवाबों ने रोका गुजरात का विजयी रथ, सुपर जायंट्स की चौथी जीत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



लखनऊ सुपरजायंट्स ने शनिवार को आईपीएल-2025 में गुजरात टाइटंस को छह विकेट से मात देकर उसके विजयी रथ को रोक दिया। यह लखनऊ की लगातार तीसरी और ओवरऑल चौथी जीत है। गुजरात जायंट्स छह विकेट पर 180 रन बना सका। लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायंट्स के लिए निकोलस पूरन ने 61 रन और एडेन मारक्रम ने 58 रन की पारी खेली। टाइटन्स को इस तरह चार जीत के बाद हार का मुंह देखना पड़ा।

इससे पहले कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी की। सुदर्शन (56 रन) ने सत्र का अपना चौथा अर्धशतक लगाया और गिल (60 रन) के साथ मिलकर बड़े स्कोर के लिए मंच तैयार किया। लेकिन घरेलू टीम के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और तीन विकेट चटकाकर स्कोरिंग गति पर ब्रेक लगा दिया। पहले विकेट के लिए सत्र की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी के बाद मेहमान टीम आखिरी आठ ओवरों में सिर्फ 60 रन ही बना सकी।

### पूरन-मार्करम का तूफान

पूरन ने आते ही तूफान ला दिया और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। दूसरी तरफ से मार्करम भी तेजी से रन बना रहे थे। मार्करम ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था। इसके बाद वह आठ रनों का इजाफा और कर सके फिर आउट हो गए। मार्करम ने 31 गेंदों पर नौ चौके और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाए। कृष्णा ने उन्हें गिल के हाथों कैच कराया। उनके जाने के बाद पूरन नहीं रुके और तेज खेलते रहे। 13वें ओवर की चौथी गेंद पर पूरन ने चौका मार पूरन ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अर्धशतक जमाने के बाद पूरन भी आउट हो गए।

### पंत ओपनिंग में फेल

लखनऊ के स्टार ओपनर मिचेल मार्श इस मैच में नहीं खेल रहे थे। उनकी जगह कप्तान पंत ने मार्करम के साथ ओपनिंग का जिम्मा संभाला। हालांकि, पंत जगह में बदलाव के बाद भी बड़ा पारी नहीं खेल सके। वे 21 रन बनाकर आउट हुए। सातवें ओवर की दूसरी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें वॉशिंगटन सुंदर के हाथों कैच कराया।


### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का पूरन बो बिश्नोई | 56 | 37 | 7 | 1 |
| गिल का मारक्रम बो आवेश | 60 | 38 | 6 | 1 |
| बटलर का ठाकुर बो राठी | 16 | 14 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर बो बिश्नोई | 02 | 03 | 0 | 0 |
| रदरफोर्ड पगबाधा बो ठाकुर | 22 | 19 | 3 | 0 |
| शाहरूख खान नाबाद | 11 | 06 | 0 | 1 |
| तेवतिया का मारक्रम बो ठाकुर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राशिद खान नाबाद | 04 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 180/6
गेंदबाजी : शार्दुल 4-0-34-2, आकाशदीप 3-0-33-0, राठी 4-0-30-1, आवेश 4-0-32-1, बिश्नोई 4-0-36-2, मारक्रम 1-0-15-0

| लखनऊ | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का गिल बो कृष्णा | 58 | 31 | 9 | 1 |
| पंत का सुंदर बो कृष्णा | 21 | 18 | 4 | 0 |
| पूरन का शाहरूख बो राशिद | 61 | 34 | 1 | 7 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 28 | 20 | 2 | 1 |
| डेविड मिलर बो सुंदर | 07 | 11 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 19.3 ओवर में 186/4
गेंदबाजी : सिराज 4-0-50-0, अरशद 2-0-11-0, कृष्णा 4-0-26-2, राशिद 4-0-35-1, सुंदर 4-0-28-1, किशोर 1.3-0-35-0




## अभिषेक के तूफान में उड़ा पंजाब सनराइजर्स आठ विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के ताबड़तोड़ शतक और ट्रेविस हेड के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के बड़े स्कोर वाले मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा।

पंजाब के 246 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने अभिषेक (141 रन, 55 गेंद, 14 चौके, 10 छक्के) के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और हेड (66 रन, 37 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) के साथ उनकी पहले विकेट की 171 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में दो विकेट पर 247 रन बनाकर जीत दर्ज की। अभिषेक का यह शतक आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाजी का सर्वोच्च स्कोर है।

पंजाब ने इससे पहले कप्तान श्रेयस अय्यर की 36 गेंद में छह छक्कों और इतने ही चौकों से 82 रन की पारी से छह विकेट पर 245 रन बनाए। अय्यर ने निहाल वढेरा (27) के साथ तीसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी भी की। प्रभसिमरन सिंह (42) और प्रियांश आर्य (36) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 24 गेंद में 66 रन जोड़कर टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 34, 11 गेंद, चार छक्के, एक चौका) ने अंत में तेजतर्रार पारी खेलकर टीम का स्कोर 240 रन के पार पहुंचाया।

### खबर संक्षेप



### समझ होने के कारण स्पिनर को उतारा

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे और मोईन अली के कारण एक अतिरिक्त स्पिनर को मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया। केकेआर का यह फैसला आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ तथा उसके स्पिनरों सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और मोईन अली ने टीम की आठ विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। डिकॉक ने कहा कि मैच आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गया था।

### चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी

**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग की पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी है जो मौजूदा समय की जरूरत के मुताबिक नहीं खेल पा रही है।



कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई की टीम को शुक्रवार को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हराया। चेन्नई ने इस दौरान अपने घरेलू मैदान पर सबसे कम स्कोर बनाने के बाद छह मैचों में लगातार पांचवीं हार का सामना किया।

### एशियाई कप 2031 की दावेदारी का समर्थन



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी करने की भारत की इच्छा के लिए सरकार का पूरा समर्थन देते हुए शनिवार को कहा कि प्रमुख प्रतियोगिताओं की मेजबानी से देश का वैश्विक कद बढ़ेगा जिसका लक्ष्य 2036 ओलंपिक का आयोजन करना है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने 31 मार्च की समय सीमा से पहले महाद्वीप के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट के 2031 सत्र की मेजबानी के लिए इच्छा पत्र सौंपा है जिसकी घोषणा शुक्रवार को की गई।

मोंटे कार्लो मास्टर्स

## अल्कराज की संघर्षपूर्ण जीत गत चैंपियन सिटसिपास बाहर



एजेंसी ▶▶| मोनाको

कार्लोस अल्कराज ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन गत चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास हारकर बाहर हो गए।


दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कराज को क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पहला सेट गंवाने के बाद वह दूसरे और तीसरे सेट में भी पीछे चल रहे थे लेकिन आखिर में ढाई घंटे तक चले मैच में 4-6, 7-5, 6-3 से जीत हासिल करने में सफल रहे।

अल्कराज पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका मुकाबला स्पेन के हमवतन खिलाड़ी और 2022 के उपविजेता एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। डेविडोविच फोकिना ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-3, 6-2 से हराया।

सिटसिपास का इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है लेकिन लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद उनकी लय एकदम से गड़बड़ा गई। सिटसिपास 2021, 2022 और 2024 में मोंटे कार्लो चैंपियन रहे हैं और उनका मुसेटी के खिलाफ 5-0 का शानदार रिकॉर्ड था। उन्होंने शुक्रवार को पहला सेट 6-1 से जीता। मुसेटी ने हालांकि आखिरी दो सेट 6-3, 6-4 से जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई जहां उनका सामना एलेक्स डी मिनौर से होगा, जो ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-0, 6-0 से हराकर तीन साल में पहली बार किसी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

### एमपी, मणिपुर, पंजाब सेमीफाइनल में पहुंचे

**झांसी।** मध्य प्रदेश, मणिपुर और पंजाब ने शनिवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई। दिन के पहले मैच में नियमित समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को शूट आउट में 4-2 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल का नतीजा भी शूट आउट में निकला जिसमें मणिपुर ने शूट आउट में तमिलनाडु पर 4-1 से जीत दर्ज की। दोनों टीम के बीच नियमित समय में मुकाबला गोल रहित ड्रॉ रहा था। तीसरे मैच में पंजाब ने हरियाणा को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।



### आडवाणी ने डब्लूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे दिग्गज क्यू खिलाड़ियों में शामिल पंकज आडवाणी को डब्लूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में डेविड कॉजियर के खिलाफ मामूली अंतर से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पंद्रह चरण के मुकाबलों के फाइनल में दोनों खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। आडवाणी ने 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में शानदार वापसी की।

## फुटबॉल के विकास में अधिक टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने शनिवार को एशियाई फुटबॉल परिसंघ कांग्रेस को दिए एक वीडियो संदेश में दुनिया भर में फुटबॉल के विकास में विस्तारित टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा की। इन्फेंटिनो इस वर्ष के क्लब विश्व कप के मेजबान अमेरिका से मलेशिया के कुआलालंपुर में एकत्रित एएफसी के 46 सदस्य संघों को संबोधित किया। इस क्लब विश्व कप का आयोजन जून और जुलाई में होगा जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी।

फीफा प्रमुख ने कहा, 'अलग-अलग महाद्वीपों की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका ज्यादा नहीं मिलता है। हम लंबे समय से इस तरह का बदलाव करना चाहते थे।' क्लब विश्व कप में एशिया प्रतिनिधित्व चार टीम करेंगी। इसमें संयुक्त अरब




अमीरात की अल-ऐन, सऊदी अरब की अल-हिलाल, दक्षिण कोरिया की उल्सान एचडी और जापान की उरावा रेड्स शामिल है। इन्फेंटिनो ने कहा, '1930 के बाद से अब तक हुए सभी फीफा विश्व कप में जितने खिलाड़ी शामिल हुए हैं, उससे कहीं ज़्यादा खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे।'

### बैसोया ने जीता इंडोरामा वेंचर्स ओपन चैंपियनशिप

**अहमदाबाद।** दिल्ली के सचिन बैसोया ने शनिवार को यहां इंडोरामा वेंचर्स ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार अंडर 68 का कार्ड खेला और प्लेऑफ में पुणे के उदयन माने को पछाड़कर यादगार जीत दर्ज की। बैसोया (68-71-70-68) ने आखिरी दिन शानदार खेल दिखाया। वह तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर काबिज माने से सात शॉट पीछे संयुक्त पांचवें पायदान पर थे। 34 माने आखिरी दौर में 75 का खराब कार्ड खेला जिससे उनका और बैसोया का कुल स्कोर एक समान 11 अंडर 277 हो गया। प्लेऑफ होल (पार-4 18वें) में 29 साल के बैसोया ने बेहतर प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। बैसोया को इस जीत से 30 लाख रुपए का चेक मिला, जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 11वें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

एक दशक से भी अधिक समय से लागू है दो नई गेंद का नियम

# वनडे में दो गेंद के नियम में बदलाव कर सकता है आईसीसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे क्रिकेट में बल्लेबाजों के दबदबे को लेकर चली आ रही चिंता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद 50 ओवर के प्रारूप में दो गेंद के इस्तेमाल के नियम में बदलाव कर सकता है।

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने वनडे में एक गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश की है। दो नई गेंद का नियम एक दशक से भी अधिक समय से लागू है। इस सिफारिश को आईसीसी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जिसके बाद ही इसे संशोधित खेल शर्तों में शामिल किया जाएगा। आईसीसी बोर्ड रविवार को हरारे में इस मुद्दे पर चर्चा करेगा।

### तीन नियमों में बदलाव

आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया, 'आईसीसी क्रिकेट समिति ने तीन नियमों में बदलाव की सिफारिश की है। एक दिवसीय क्रिकेट में एक सफेद गेंद का उपयोग, टेस्ट मैच में ओवर रेट की जांच के लिए 'क्लॉक टाइमर' (टाइमर घड़ी) का उपयोग और अंडर 19 पुरुष विश्व कप को 50 ओवर से टी20 में बदलना।'



### बल्लेबाजों को मिलता है लाभ

अभी वनडे में दो नई सफेद कूकाबुरा गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। गेंदबाजों द्वारा प्रत्येक छोर से अलग-अलग नई गेंदों का इस्तेमाल करने के कारण गेंद सख्त बनी रहती है जिससे बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का फायदा मिलता है। क्षेत्ररक्षण पाबंदी (30 गज के घेरे के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षक) के कारण बल्लेबाजों को गेंदबाजों पर अनुचित लाभ मिलता है। यहां तक कि महान सचिन तेंदुलकर ने भी अकसर दो नयी गेंदों से रन बनाने पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात की है।

### ऐसे होगा सरलीकरण

ऐसी संभावना है कि 25वें ओवर तक दो गेंद का उपयोग किया जा सकता है और उसके बाद गेंदबाजी करने वाली टीम को मैच पूरा करने के लिए दो गेंद में से एक को रखने का विकल्प दिया जाएगा। 'टाइमर क्लॉक' के मामले में ओवरों के बीच 60 सेकंड का समय देने और एक दिन में 90 ओवर पूरे करने के लिए समय सीमा तय करने की सिफारिश की गई है। धीमी ओवर गति का नियम टी20 के लिए पहले से ही लागू है जिसमें समय से पीछे चल रही टीम को 19वें ओवर की समाप्ति के बाद सर्कल के भीतर एक अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक लाने की आवश्यकता होती है।

### अंडर-19 विश्व कप को 50 ओवर का करने पर विचार

आईसीसी इस बात पर भी विचार करेगा कि अंडर-19 पुरुष विश्व कप को मौजूदा 50 ओवर के प्रारूप से टी20 प्रारूप में आयोजित करने की जरूरत है या नहीं। आईसीसी टूर्नामेंट को छोड़कर 50 ओवर की द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खत्म हो रही हैं। आयु वर्ग के स्तर पर टी20 विश्व कप का मतलब है कि अब उन सभी देशों के लिए एक बड़ा 'टैलेंट पूल' उपलब्ध है जिनके यहां अब फ्रेंचाइजी लीग चल रही हैं। अगला अंडर-19 विश्व कप जिम्बाब्वे में आयोजित किया जाएगा।

**अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार कटुता के स्तर तक पहुंच गया है। यूं तो अमेरिका ने जवाबी शुल्क व आयात पर टैरिफ लगाने के प्रस्ताव को तीन महीने के लिए टाल दिया है, इसके पीछे अमेरिका में जनविरोध और टैरिफ को लेकर कई मुल्कों के साथ वार्ता कारण हो सकते हैं, लेकिन इस 90 दिनी रियायत में चीन का नाम नहीं है। मतलब अमेरिका व चीन के बीच आयात व निर्यात नए टैरिफ दर पर ही होंगे। अमेरिका ने 145 प्रतिशत टैरिफ आयद किया है तो चीन ने 125 फीसदी। इस कदम से महंगाई बढ़ेगी। अमेरिका व चीन कई तरह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं। ऐसे में यूएस-चीन टैरिफ वार से वैश्विक अर्थव्यस्था अनिश्चतता के भंवर की ओर बढ़ेगी, वैश्विक आपूर्ति सिस्टम प्रभावित होगा और महंगाई बढ़ने से आर्थिक मंदी और गहरी होगी। विश्व रूस व यूक्रेन जंग के चलते आपूर्ति तंत्र के मोर्चे पर संकट से पहले से जूझ रहा है और अब ट्रंप के टैरिफ वार के चलते यह संकट और बढ़ने वाला है। अभी कोई नहीं जानता है कि चीन से अमेरिका की टैरिफ अदावत क्या रुख अख्तियार करेगी, लेकिन इसका असल आर्थिक जलजला जरूर लेकर आएगा। विश्व नई आर्थिक व्यवस्था की ओर बढ़ सकता है, इसमें भारत क्या भूमिका निभा सकता है, यह सब वक्त बताएगा। टैरिफ वार के वैश्विक असर का आकलन करता आजकल का यह अंक...**

# अनिश्चितता के भंवर की ओर विश्व





**टैरिफ वार**
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

> **अमेरिका ने अधिकतर देशों को फिलहाल आयद किए गए टैरिफ रेट को आगामी 90 दिनों के लिए स्थगित करके कुछ राहत प्रदान कर दी है। यदि डोनाल्ड ट्रंप 90 दिनों के टैरिफ के स्थगन के पश्चात पूर्व प्रस्तावित अपनी टैरिफ योजनाओं पर बाकायदा अमल अंजाम देते हैं, तो फिर विगत वर्ष के मुकाबले 28 प्रतिशत टैरिफ दर से इस वर्ष अमेरिका को भारत के निर्यात में तकरीबन आठ अरब डॉलर अथवा तकरीबन सात प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। वस्तुतः विश्व पटल पर भारत पांचवीं सबसे बड़ी और तीव्र गति से विकास करती हुई अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद संरक्षणवादी व्यापार नीतियों द्वारा भारत को वैश्विक व्यापार की प्रतिस्पर्धा में पीछे धकेल दिया है।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपने प्रथम कार्यकाल में केवल चीन के विरुद्ध व्यापार युद्ध का आगाज किया गया था। अमेरिका में चीन द्वारा निर्यात किए जाने वाले सामान पर पच्चीस प्रतिशत टैरिफ आयद कर दिया गया था। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में भी चीन से आयातित सामान पर ट्रंप सरकार द्वारा आयद किए गए टैरिफ को बाकायदा जारी रखा गया.. किंतु अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत सहित समस्त विश्व के विरुद्ध व्यापार युद्ध का ऐलान कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर 145 प्रतिशत टैरिफ आयद कर दिया गया है। व्यापार युद्ध में चीन द्वारा अमेरिका के विरुद्ध अपनी जवाबी कार्यवाही अंजाम देते हुए, अमेरिका से आयातित सामान पर 125 प्रतिशत टैरिफ आयद करने का ऐलान कर दिया।

अमेरिकन हुकूमत द्वारा अधिकतर देशों को फिलहाल आयद किए गए टैरिफ रेट को आगामी 90 दिनों के लिए स्थगित करके कुछ राहत प्रदान कर दी गई है। यदि डोनाल्ड ट्रंप 90 दिनों के टैरिफ के स्थगन के पश्चात पूर्व प्रस्तावित अपनी टैरिफ योजनाओं पर बाकायदा अमल अंजाम देते हैं, तो फिर विगत वर्ष के मुकाबले 28 प्रतिशत टैरिफ दर से इस वर्ष अमेरिका को भारत के निर्यात में तकरीबन आठ अरब डॉलर अथवा तकरीबन सात प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। वस्तुतः विश्व पटल पर भारत पांचवीं सबसे बड़ी और तीव्र गति से विकास करती हुई अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद संरक्षणवादी व्यापार नीतियों द्वारा भारत को वैश्विक व्यापार की प्रतिस्पर्धा में पीछे धकेल दिया है। भारत में टैरिफ रेट तुलनात्मक तौर पर ऊंचे रहे हैं। वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी महज दो प्रतिशत से भी कम रही है। डोनाल्ड ट्रंप के प्रेसिडेंट निर्वाचित होने के तत्पश्चात अमेरिका की व्यापार नीतियों में बुनियादी बदलाव आ गया है।

## भारत को नए अवसर तलाशने होंगे

भारत को भी इस विकट नीतिगत बदलाव से यकीनन जूझना ही होगा। वैश्विक व्यापार पर निर्भर रहने वाले मुल्कों के मुकाबले भारत इन मुश्किल हालात में किसी हद तक खुद को निश्चिंत महसूस कर सकता है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की निर्भरता वैश्विक व्यापार पर अत्यंत कमतर बनी रही है। वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में भारत का कमतर योगदान वस्तुतः भारत के पक्ष में प्रतिबिंब हो सकता है। भारत आमतौर पर वैश्विक व्यापार से किनारा करता रहा है और यही बात संभवतः हमारे लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। लेकिन इस स्थिति से भारतवासी कदाचित संतुष्ट नहीं हो सकते, भारत को वैश्विक व्यापार में नए अवसरों को तलाशने के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। साथ ही वैश्विक व्यापार के लिए शनैः शनैः रणनीतिक तौर पर संरक्षणवादी नीतियों का परित्याग करना होगा। उल्लेखनीय है भारत द्वारा अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के लिए कूटनीतिक वार्ता की जा रही है जिनमें अब और तेजी आने की संभावना है। ट्रंप के टैरिफ ने जहां विदेशों में माल बेचने को और अधिक चुनौतीपूर्ण बनाया है, वहीं दुनिया के देशों को नये व्यापारिक साझेदारों और मंडियां खोजने पर विवश भी किया है। भारत को इसका लाभ उठाकर यूरोपीय संघ, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, लैटिन अमेरिकी और अफ्रीकी देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते अंजाम देने चाहिए। भारत को इलेक्ट्रॉनिक और मोटर के कल-पुर्जों और दवाओं के एपीआई का सप्लाई चेन सुरक्षित बनाने के लिए भी अपने देश में निर्मित किए जाने की प्राथमिकता देनी चाहिए। इससे चीन के साथ चल रहे व्यापार घाटे और पूंजी पलायन में भी कमी आएगी।

## अमेरिकी पूंजी का पलायन रोकने की कवायद

भारत के दवा उद्योग पर भी टैरिफ की तलवार लटकी है, क्योंकि उसके एपीआई रसायन चीन से आयात किये जा रहे हैं। यह सही है कि पिछले 30-40 वर्ष से अमेरिका को निरंतर वैश्विक व्यापार में घाटा हो रहा है और उसकी तकरीबन एक लाख करोड़ डॉलर पूंजी प्रतिवर्ष लाभ कमाने वाले देशों में जा रही है। इनमें चीन, यूरोपीय संघ, आसियान, मेक्सिको, वियतनाम, जापान और कनाडा प्रमुख हैं। विगत चार दशकों के कालखंड में अमेरिका के 90 हजार कारखाने बंद हुए हैं और उन कारखानों में काम करने वाले 55 लाख कर्मचारियों की नौकरियां चली गई हैं। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के इसी व्यापार घाटे को घटा कर अमेरिकी पूंजी का पलायन रोकना चाहते हैं और अमेरिका के विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्स्थापित करना चाहते हैं। ट्रंप दुनिया के तमाम देशों पर 'रेसिप्रोकल टैरिफ़' या बराबर का टैरिफ़ लगाना चाहते हैं यानी उन देशों के सामानों पर उतना ही आयात शुल्क लगाना जितना वे अमेरिकी सामानों पर आयद करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि अन्य देश अमेरिकी सामानों के आयात पर, अमेरिका को निर्यात होने वाले अपने सामानों की तुलना में अधिक टैरिफ़ लगाते हैं। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका के 'व्यापारिक साझेदार अमेरिका के साथ भेदभाव करते हैं और ऐसा दोस्त और विरोधी, दोनों तरह के देश करते हैं।'

## चीन ने व्यापार युद्ध को स्वीकारा

भारत के अमेरिका के साथ समझौतावादी रुख से एकदम विपरीत चीन ने अमेरिका द्वारा प्रस्तुत की गई व्यापार युद्ध की ललकार को बाकायदा स्वीकार कर लिया है। विस्तारवादी चीन ने अमेरिका के साम्राज्यवादी चेहरे से नकाब उतारने की पहल अंजाम दे दी है। अपने आर्थिक पराभव से परिपूर्ण पतनशील युग में महाशक्ति अमेरिका के प्रेसिडेंट ट्रंप अपने फरमानों से सारी दुनिया का आर्थिक एजेंडा तय करने की हैसियत में है अथवा नहीं है, इसका फैसला तो अभी शेष है तथा भविष्य में होना है। व्यापार युद्ध स्वीकार करने के चीन के संकल्प की तुलना वस्तुतः तीन वर्ष पहले रूस द्वारा अंजाम दी गई आक्रामक सैन्य पहल से भी की जा सकती है, जबकि यूक्रेन के विरुद्ध सैन्य कार्यवाही शुरू करके अमेरिका और उसके नेतृत्व में नाटो अर्थात अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन को रणनीतिक क्षेत्रों में अपनी सैन्य शर्तें थोप देने की ताकत को रूस द्वारा प्रबल आक्रामक सैन्य चुनौती पेश की गई थी। वस्तुतः विश्व पटल पर परिवर्तित होते हुए शक्ति संतुलन के परिदृश्य को समझने और स्वीकार करने की तत्परता अमेरिका द्वारा कदाचित दिखाई नहीं गई। अमेरिका यदि अपनी नव साम्राज्यवादी फितरत को तिलांजलि दे देता तो यह संभव था कि सन् 2022 में प्रारम्भ हुए यूक्रेन युद्ध और उससे भी कहीं घातक व्यापार युद्ध के भयानक दुष्प्रभावों से दुनिया संभवतः बच निकली होती। चीनी दूतावास की सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा गया कि अगर अमेरिका व्यापार युद्ध या किसी अन्य प्रकार का युद्ध चीन के विरुद्ध लड़ना चाहता है तो हम उस युद्ध को आखिर तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## साम्राज्यवादी फितरत की घातक मानसिकता

पश्चिमी के साम्राज्यवादी देशों द्वारा तकरीबन तीन सौ साल तक बाकी दुनिया पर अपनी हुकूमत कायम रखी गईं। साम्राज्यवादी फितरत की घातक मानसिकता आज तक अमेरिका एवं पश्चिमी नाटो देशों की अवचेतना में बरकरार बनी हुई है। इसलिए अमेरिका एवं पश्चिमी जगत बाकी देशों की जटिल समस्याओं पर कदाचित तवज्जो प्रदान नहीं करते। चीन की हुकूमत ने अमेरिकन व्यापार युद्ध की चुनौती को स्वीकार करने के साथ यह स्पष्ट कर दिया कि वह व्यापार संतुलन संबंधी अमेरिकन चिंताओं पर बातचीत करने के लिए तत्पर है। मगर अमेरिका द्वारा चीन के विरुद्ध एक तरफा कार्रवाई अंजाम दिए जाने के ऐलान को चीन कदापि स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिकन अखबार वॉल स्ट्रीट जनरल की एक रिपोर्ट के मुताबिक विगत ढाई महीनों में चीन ने सीधी वार्ता के लिए अमेरिकी प्रशासन से संपर्क साधने की निरंतर कोशिश जारी रखी, किंतु अमेरिकी प्रशासनिक अधिकारियों ने चीन की प्रत्येक पेशकश को अस्वीकार कर दिया। अमेरिकन प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा गुमान रहा कि टैरिफ में बढ़ोतरी का ऐलान होने के तत्पश्चात चीन सहित बाकी मुल्कों की हुकूमत बातचीत के लिए गिड़गिड़ाते हुए अमेरिका के द्वार पर आ जाएंगी। अधिकांश मुल्कों के मामले में ऐसा ही हुआ भी। मगर चीन ने अमेरिका का मुकाबला करने का बड़ा जबरदस्त हौसला दिखाया। चीन इस बात को समझने का कौशल भी दिखाया कि मामला सिर्फ टैरिफ तक कदाचित सीमित नहीं है। जो देश तुरंत टैरिफ घटाने के लिए अमेरिकन शर्तों के मुताबिक बातचीत करने के लिए तैयार दिखाई दिए, उनके समक्ष अमेरिका ने कुछ अन्य सख्त शर्तों को पेश कर दिया। चीन ने प्रमुख खनिजों के अमेरिका को निर्यात करने पर प्रतिबंध आयद कर दिया। चीन के ऐसे कड़े कदमों का अंदाजा अमेरिका के प्रशासन तथा अमेरिका के कथित आर्थिक विशेषज्ञ विश्लेषकों को भी नहीं था। सन् 1991 में सोवियत संघ के पराभव के पश्चात विगत चार दशकों के काल में अमेरिका के विरुद्ध कोई देश तनकर खड़ा नहीं हुआ। विश्वव्यापी व्यापार युद्ध से अमेरिका को हो रहे निरंतर नुकसान से अमेरिका में ही गंभीर गहन असंतोष भड़क उठा है। मगर इस सारे परिदृश्य में चीन के साथ जारी व्यापार युद्ध में किसी को किसी राहत की कोई उम्मीद नहीं है। विगत 25 वर्षों में आर्थिक एवं तकनीकी महाशक्ति के रूप में चीन का उदय हो गया , जोकि आजकल विश्व पटल पर व्यापार युद्ध का मुख्य कारण बना हुआ है। इसकी वजह से अमेरिका के आर्थिक पतन की पटकथा तैयार हुई है। चीन के आर्थिक तथा सैन्य उभार को रोकना ही अमेरिका की प्रमुख राष्ट्रीय नीति है।

## विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन

विश्व व्यापार संगठन के नियम कायदे कानूनों का सरासर उल्लंघन करके अमेरिका के राष्ट्रपति मनमाना आचरण अंजाम दे रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका द्वारा सन् 1928 में आर्थिक संरक्षण की नीति अख्तियार की गई थी, इसका नतीजा सामने आया वर्ष 1929-30 के काल में जबकि अमेरिका ने भयानक आर्थिक मंदी का दीदार किया था। सन् 1971 में अमेरिका के राष्ट्रपति निक्सन ने आर्थिक संरक्षणवाद की नीति आयद की थी। परिणाम सामने आया वर्ष 1973-75 में फिर एक दफा अमेरिका को भयंकर आर्थिक मंदी झेलना पड़ी। अब फिर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इतिहास से गंभीर सबक लिए बिना आर्थिक संरक्षणवादी नीति के तहत दुनिया को व्यापार युद्ध में झोंक देने के लिए कटिबद्ध हैं। देखिए भविष्य में क्या परिणाम सामने आता है। ट्रंप के अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे के तहत अमेरिका डूबेगा या उभरेगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल अमेरिका के टैरिफ कदमों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चतता जरूर व्याप्त हो गई है।

# भारत की कूटनीतिक आर्थिक रणनीति



**टैरिफ की चुनौती**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
ख्यात अर्थशास्त्री

यकीनन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच भारत जिस तरह टैरिफ में राहत की कूटनीति और अमेरिका सहित सभी प्रमुख देशों के साथ द्विपक्षीय व मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, उससे आपदा के बीच अवसर भारत की मुट्ठियों में आने लगे हैं। यह भारत की रणनीति की ही जीत है कि जहां ट्रंप ने चीन पर 125 फीसदी टैरिफ लागू कर दिए हैं, वहीं भारत के लिए घोषित 26 फीसदी टैरिफ 90 दिनों तक के लिए स्थगित कर दी है। इन दिनों जहां टैरिफ की चिंता में दुनिया के शेयर बाजार ढहते जा रहे हैं, वहीं भारत का सेंसेक्स फिर से आगे बढ़ते हुए 75000 से अधिक की ऊंचाई पर पहुंच गया है। 11 अप्रैल को डॉलर के मुकाबले भारत का रुपया दो साल की सबसे बड़ी बढ़त पर रेखांकित हो रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से बढ़कर 676 अरब डॉलर के स्तर पर है। साथ ही टैरिफ की चुनौतियों के इस वर्ष 2025 में भी भारत की विकास दर दुनिया में सर्वाधिक 6 फीसदी से अधिक के स्तर पर रहने की वैश्विक रिपोर्ट्स प्रकाशित हो रही हैं।

## नई व्यापार दुनिया का उदय

गौरतलब है कि 9 अप्रैल को अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका का चीन के साथ व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा विभिन्न देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लागू किए जाने के बाद नई व्यापार दुनिया ने जन्म ले लिया है। यह नई व्यापार दुनिया राष्ट्रपति ट्रंप की उस हठ पर आधारित है, जिसमें वे विश्व अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन और अमेरिका के साथ कथित आर्थिक दुर्व्यवहार को रोकने के लिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उपभोक्ताओं को होने वाले किसी भी तरह के कष्ट की अनदेखी करने को भी तैयार हैं। नई व्यापार दुनिया पहले की व्यापार दुनिया से पूरी तरह से अलग है। कल तक दुनिया में मजबूत आर्थिक विश्व व्यवस्था और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के आधार पर विकास की कहानी आगे बढ़ती रही है, वहीं अब संरक्षणवाद तथा द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों का नया सितारा उदित हो रहा है। ऐसे में भारत अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों और दुनिया की बदलती आर्थिक सूरत की नई हकीकत के मद्देनजर नई रणनीति के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि भारत से निर्यात के मद्देनजर अमेरिका अत्यधिक महत्वपूर्ण देश है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से दुनिया के विभिन्न देशों को करीब 435 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का निर्यात हुआ है, उनमें से अमेरिका को करीब 18 फीसदी उत्पाद निर्यात हुए हैं।

## निर्यात बढ़ने की संभावना

ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से भारत के कई प्रमुख निर्यात क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान, ऑटोमोबाइल, रत्न और आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पाद



शामिल हैं। भारत के दवा और सेमीकंडक्टर उद्योग पर भी टैरिफ की तलवार लटक रही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर 26 फीसदी पारस्परिक टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले से भारत के द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में करीब 5.76 अरब डॉलर की गिरावट आ सकती है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 0.2 फीसदी घटने की आशंका रहेगी। खास बात यह भी है कि ट्रंप के टैरिफ की आपदा के बीच भारत के लिए मौके भी छिपे हैं। भारत जिस तरह से अमेरिका के साथ नए व्यापार समझौते के लिए तथा अन्य देशों के साथ भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के लिए रणनीतिपूर्वक कदम बढ़ा रहा है, उससे भारत के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के विभिन्न देशों में निर्यात और कारोबार बढ़ाने के मौके भी बढ़ सकते हैं। चूँकि एशिया के उभरते बाजारों में भारत पर टैरिफ फिलीपींस को छोड़कर सबसे कम है। ऐसे में तुलनात्मक रूप से कम टैरिफ से भारत को वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिल सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा मजबूत होगी। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यातक देशों की तुलना में भारत पर कम टैरिफ लगा है। खास तौर पर चीन और वियतनाम के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है। टेक्सटाइल के निर्यात बाजार में अभी से भी बेहतर अवसर मिल सकते हैं। अन्य देशों के सामान अमेरिका में ज्यादा महंगे होने से अमेरिका में भी भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी। यद्यपि भारत में सरकार ने संसद में ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत के द्वारा टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा व अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर ध्यान देना होगा। इस बात को ध्यान में रखना होगा कि वर्ष 1991 में उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ाने की जो रणनीति लागू हुई, उससे देश को उदारीकरण के लाभ मिले हैं। चूंकि टैरिफ प्रतिस्पर्धा से जुड़े हैं, अगर हम टैरिफ की आड़ में रहेंगे तो प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाएंगे। नए अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को कारोबार करने में आसानी बढ़ानी होगी। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश करना होगा और नीतिगत स्थिरता कायम रखनी होगी। हम उम्मीद करें कि अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आर्थिक मौकों को मुट्ठी में लेने के साथ-साथ भारत पर लागू किए जाने वाले 26 फीसदी टैरिफ की चुनौती का मुकाबला करने में भारत के लिए अमेरिका के साथ नया कारोबार समझौता, विभिन्न देशों के साथ नए द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौते और मजबूत घरेलू आर्थिक घटक असरकारक आर्थिक हथियार के रूप में उपयोगिता देते हुए दिखाई देंगे।

## कौशल विकास में निवेश हो

सरकार नई व्यापार दुनिया में भारत को रचनात्मक देश बनाने के लिए ऐसी नई आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिसमें बड़े उद्योगों के साथ छोटे और मझौले उद्योगों के लिए भी अनुकूलताएं हों। चूंकि अब दुनिया में नए डिजिटल दौर की नई संपत्तियों से विकास की मंजिलें तय होंगी, अतएव ऐसी सबसे कीमती संपत्तियों के विकास पर भारत को ध्यान देना होगा। अब भारत में भारी पूंजी वाले उद्योगों को सब्सिडी देने के बजाय शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक निवेश किया जाना अधिक लाभप्रद होगा। भारत को सेवा क्षेत्र की नई चमकीली राजधानी बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। साथ ही अधिक डिजिटल महारत हासिल करने पर ध्यान देना होगा। निश्चित रूप से ऐसी नई आर्थिक और द्विपक्षीय वैश्विक व्यापार रणनीति से भारत नई व्यापार दुनिया के आकाश में एक चमकते हुए आर्थिक और प्रभावी सितारे के रूप में दिखाई दे सकेगा।

# उल्टा भी पड़ सकता है ट्रंप का टैरिफ दांव



**दो टूक**
सुनील अमर
वरिष्ठ स्तंभकार

चीन और अमेरिका दुनिया के दो बड़े निर्यातक देश हैं जिसमें चीन नम्बर एक पर है और अमेरिका के लाख कोशिश करने के बावजूद पिछले 15 वर्षों से टॉप पर बना हुआ है। अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो हालिया टैरिफ वार यानी व्यापार कर युद्ध छेड़ रखा है वह बाकी अर्थों में तो नया है लेकिन चीन के मामले में पुराना है। चीन से तो डोनाल्ड ने अपने पहले कार्यकाल यानी वर्ष 2017 से 2021 में ही टैरिफ वॉर शुरू कर दिया था।

वर्ष 2018 में चीन से आयातित स्टील और एल्यूमीनियम पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाकर मौजूदा व्यापार कर युद्ध की नींव रख दी थी। तब बदले में चीन ने भी अमेरिका से आयातित कृषि उत्पादों पर व्यापार कर बढ़ा दिया था। वर्ष 2019 में कोविड महामारी फैलने के बाद दुनियाभर में आवागमन को लेकर हुई बन्दिशों को देखते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने तभी मन बना लिया था कि विदेशों, खासकर चीन जैसे देशों पर अमेरिकी निर्भरता को कम करना है। ताजा टैरिफ वॉर को ट्रंप की उसी सोच का विस्तार कहा जा सकता है और अमेरिका के उद्योग प्रधान राज्यों ओहियो, पेनीसिल्वानिया और मिशीगन में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने सत्ता में आने पर टैरिफ लागू करने का वादा भी किया था। आज दुनिया को ग्लोबल विलेज कहा जाने लगा है। आदमियों और देशों के एक-दूसरे से सरोकार बहुत बढ़ गये हैं। उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन का किंग कहा जाने वाला चीन भी यह दावा नहीं कर सकता कि दुनिया के अन्य देशों के सहयोग के बिना उसका काम चल जाएगा। जिन देशों की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है उन्हें अधिकतम निर्यात चाहिए, इसी प्रकार जो देश युद्धक सामग्री उत्पादन में लगे हैं उन्हें दुनिया में कहीं न कहीं युद्ध चाहिए ताकि उनका माल बिक सके। इसे यूक्रेन के सन्दर्भ से समझा जा सकता है, पहले तो रूस के खिलाफ अमेरिका ने यूक्रेन की बिना शर्त युद्धक मदद शुरू की और अब अमेरिका का मौजूदा निजाम उस बिना शर्त की गयी मदद की कीमत मांग रहा है।

## टैरिफ नीति का मुख्य निशाना चीन

अमेरिका की नई टैरिफ नीति से यद्यपि 60 से अधिक देश प्रभावित बताये जा रहे हैं लेकिन उसका मुख्य निशाना चीन ही है। अमेरिका चीन से कितना परेशान है इसका अनुमान उसके वित्त सचिव स्कॉट बेसेन्ट के आठ अप्रैल को व्हाइट हाउस में टैरिफ पर दिये इस बयान से लगाया जा सकता है कि '.....ट्रंप का असल मकसद रीयल विलेन चीन पर हथौड़ा गिराना था क्योंकि वह अमेरिकी व्यापार के लिए परेशानी पैदा करने का सबसे बड़ा स्रोत है....।'

## आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ा अमेरिका

आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ने के अमेरिका के अपने तमाम घरेलू कारण हो सकते हैं लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक महाशक्तियों के बीच इस तरह की तनातनी को अच्छा नहीं कहा जा सकता। अमेरिका में भी इस टैरिफ वॉर के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। वैसे तो अमेरिकी बाजार चीनी खिलौनों तक से पटा पड़ा रहता है लेकिन चीन



जिन बड़े क्षेत्रों में दखल देता है उनमें हैं- स्टील, एल्यूमीनियम, इलेक्ट्रिक वाहन, चिप्स, सेमी कन्डक्टर, सोलर पैनल, बैटरी तथा रेअर अर्थ मिनरल आदि। अमेरिकी बाजारों में उक्त चीनी सामान काफी सस्ते हैं और इनके अमेरिकी उत्पादक चीनी कीमतों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए यद्यपि अमेरिका चिप्स एक्ट और आईआरए यानी इन्फलेशन रिडक्शन एक्ट के तहत घरेलू उत्पादकों को भारी सब्सिडी देता है ताकि वे चीनी कीमतों का मुकाबला कर सकें लेकिन फिर भी अमेरिकी उद्यमी बेहाल हैं और अमेरिका को अंततः लगता है कि चीनी सामानों को भारी टैक्स लगाकर ही महंगा किया जा सकता है। अमेरिका का यह भी आरोप है कि चीनी सरकार जानबूझकर बहुत बड़े पैमाने पर उत्पादन करवाती है और भारी मात्रा में सब्सिडी देती है ताकि अन्तरराष्ट्रीय बाजारों में उसके माल की कीमतों का कोई मुकाबला नहीं कर सके। यही कारण है कि अमेरिका न सिर्फ टैरिफ बल्कि निर्यात पर नियन्त्रण तथा विदेशी पूंजी निवेश पर प्रतिबंध लगाकर देसी उद्योगों को संरक्षण देना चाहता है। चीन अमेरिका के हर टैरिफ रेट का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। ताजा हालात यह है कि अमेरिका के चीन पर 145 प्रतिशत टैक्स के जवाब में चीन ने 125 प्रतिशत टैक्स लगाने की घोषणा की है। चीन नयी रणनीति के तहत लैटिन अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया तथा मध्यपूर्व के देशों की बाजारों में अपने उत्पादों की पैठ बनाने में लगा है। साथ ही वह ब्रिक्स संगठन का और विस्तार चाहता है ताकि पश्चिमी बाजारों पर उसकी निर्भरता कम हो सके।

एक सवाल उठता है- क्या डोनाल्ड ट्रंप इस टैरिफ युद्ध को छेड़कर अमेरिकियों को लाभ पहुंचा पाएंगे? इसका जवाब हां हो सकता है, यदि वे आयातित सामानों की दर पर ही घरेलू उत्पादों को बाजार में उपलब्ध करा सकें। लेकिन यह आसान नहीं होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिकियों का खर्च बहुत बढ़ जाएगा। घरेलू उत्पादन बढ़ाये बगैर अब तक आयात हो रही वस्तुओं को महंगा कर देने का असर उल्टा हो सकता है। चीन पर प्रतिबंध का असर यह भी हो सकता है कि वहां उत्पादन कर रही कम्पनियां भारत, वियतनाम और मैक्सिको जैसे देशों का रुख करें जहां अमेरिकी टैरिफ कम है। लेकिन यह एक उथल-पुथल का दौर होगा और इस दौरान अमेरिका के अलावा वैश्विक स्तर पर भी महंगाई अनियंत्रित हो सकती है।

## घरेलू स्तर पर भी लड़ना पड़ेगा

अमेरिका की बात करें तो उसे वैश्विक स्तर के अलावा घरेलू स्तर पर भी लड़ना पड़ेगा, क्योंकि आयातित कल-पुर्जे महंगे होने के कारण उत्पादन लागत बढ़ेगी और बाजार में सस्ते चीनी सामान से मुकाबला न होने के कारण घरेलू उत्पादक गुणवत्ता से समझौता कर मनमानी कीमत वसूल सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अभी चीन को छोड़कर बाकी देशों को 90 दिनों की मोहलत दी हुई है। उसके बाद देखना होगा कि वे क्या करते हैं। अगर इसके बाद भी वे अपनी जिद पर अड़े रहते हैं तो थोड़ा आगे चलकर देशों की वैश्विक गुटबाजी का परिदृश्य बदल सकता है। मसलन हो सकता है कि दो गुट बनें जिसमें एक अमेरिकी अगुवाई में भारत, यूरोपीय यूनियन, जापान और उत्तरी अमेरिका हो तथा दूसरा चीन की अगुवाई वाला हो जिसमें रूस, कुछ अफ्रीकी देश, दक्षिण अमेरिका तथा दक्षिण पूर्व एशिया शामिल हो। आज का अमेरिका बदलाव के दौर में है और किस्सा कोताह यह कि अगर अमेरिकियों को दैनिक जीवन में राहत मिली और उनका वैश्विक स्टेटस बना रहा तो ठीक है अन्यथा डोनाल्ड ट्रंप अपने इस कार्यकाल में गृहकलह का बीज ही बो देंगे। इतिहास में रूस, चीन और तुर्की जैसे अनेक देशों के आंतरिक असन्तोष व उससे उत्पन्न विद्रोह के उदाहरण तो हैं ही!


हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हैदराबाद में उनकी मूर्ति को स्थानीय पुजारी ने जल से स्नान कराया

देशभर में श्रद्धा के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

# मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का किया पाठ, भंडारों का हुआ आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ और भंडारों का आयोजन किया गया। कई स्थानों में खीर, चूरमे का भोग लगाया गया। इसके अलावा महाभोग आरती की गई। देश के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कतार में लगकर लोगों ने भगवान हनुमान के दर्शन किए। उनके समक्ष धूप बत्ती से पूजा-अर्चना कर परिवार के सुख समृद्धि की प्रार्थना की। भक्तों ने विशेष रूप से सरसों के तेल में उनकी मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कई शहरों में विशेष शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें पीले और भगवा वस्त्र पहनकर श्रद्धालु शामिल हुए। जय श्रीराम और जय श्री हनुमान के जयघोष से लोगों में उत्साह बढ़ाया गया।

**संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा**

**कई स्थानों पर खीर, चूरमे, लड्डू का भोग लगाया गया**


दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की।


प्रयागराज में बड़े हनुमान मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।


हैदराबाद में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### कुपवाड़ा में बस पलटने से दो छात्रों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को कॉलेज की एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई और 21 अन्य लोग घायल हो गए। पिकनिक मनाने के लिए 27 छात्रों को ले जा रही सरकारी डिग्री कॉलेज सोगाम की बस हंदवाड़ा के वोदपोरा इलाके के निकट पलट गई। घायलों को हंदवाड़ा के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां एक छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। दो को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई।

### 87 वर्षीय 'वनजीवी' पद्मश्री रामैया का निधन

**हैदराबाद।** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित 'वनजीवी' रामैया का शनिवार को तेलंगाना के खम्मम जिले में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। रेड्डीपल्ली गांव में अपने पैतृक घर में उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पेशे से कुम्हार रामैया को पौधरोपण के उनके अथक मिशन को लेकर 'वृक्ष पुरुष' के रूप में जाना जाता था। हरियाली में विस्तार के प्रति उनका समर्पण बहुत अधिक था।



### जम्मू-कश्मीर में मंदिरों की संपत्ति पर अवैध कब्जा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में 1400 से अधिक मंदिरों की संपत्ति पर अवैध कब्जा है, जिसका मूल्य करीब 25 हजार करोड़ से अधिक है। ऐसे में जम्मू कश्मीर संघर्ष समिति ने वक्फ कानून की तरह कश्मीरी पंडितों की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए एक विशेष कानून बनाने की मांग की है। संघर्ष समिति का कहना है कि 1990 के दशक से, जब हजारों आध्यात्मिक पंडितों ने कश्मीर छोड़ा, तो समुदाय के मंदिरों और धार्मिक भूमियों पर बड़े पैमाने पर कब्जा हो गया।

मुगल बादशाह की कब्र के विवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने तोड़ी चुप्पी, बोले

# खुद को 'आलमगीर' कहने वाला औरंगजेब महाराष्ट्र में हारा और यहीं दफनाया गया

शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर रायगढ़ किले में श्रद्धांजलि अर्पित की

भाषा ▶▶ सरायगढ़(महाराष्ट्र)



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि खुद को 'आलमगीर' कहने वाला मुगल बादशाह औरंगजेब जीवन भर मराठों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा, लेकिन पराजित हुआ और यहीं दफनाया गया। शाह ने मराठा शासक शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर रायगढ़ किले में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शाह ने रायगढ़ किले के पास पाचाड में शिवाजी महाराज की माता जीजाबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### छत्रपति महाराज को राज्य तक सीमित न रखें

उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज के स्वधर्म और स्वराज्य के आदर्श देश की आजादी के शताब्दी वर्ष तक महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रेरित करते रहेंगे। शाह ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्य तक सीमित न रखें। उनकी जबरदस्त इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प और साहस देश को प्रेरित करते हैं क्योंकि उन्होंने रणनीतिक रूप से समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया।

उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने मुगलशाही (मुगल शासन) को हराया था।

### राकांपा सांसद ने भोज पर शाह की मेजबानी की

**रायगढ़ (भाषा)।** रायगढ़ जिले के दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सांसद सुनील तटकरे के घर पर दोपहर के भोजन में शामिल हुए। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' के घटक दलों के बीच रायगढ़ और नासिक जिलों के प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति को लेकर मतभेदों के मद्देनजर दोपहर के भोजन पर हुई यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। हालांकि, तटकरे ने इस बात पर जोर दिया कि इसमें कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं था। मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर रायगढ़ किले में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शाह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्रियों -एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ रायगढ़ में सुतारवाड़ी के गीताबाग में तटकरे के घर पहुंचे।

### आज भोपाल में सहकारी सम्मेलन में होंगे शामिल

**भोपाल(विशेष प्रतिनिधि)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार 13 अप्रैल को भोपाल आएंगे। शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में अंतरर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत भोपाल के रविंद्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन होगा। सम्मेलन में लोकसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा विशेष अतिथि होंगे। प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि एक कंट्रोल-रूम भी स्थापित किया गया है।

नड्डा ने पुरी में प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया

# भाजपा नेताओं से जनता से जुड़ने की अपील की



भाषा ▶▶ पुरी (ओडिशा)

- प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल विधायकों और सांसदों के लिए था

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को पार्टी विधायकों एवं सांसदों से जनता से जुड़ने की अपील की। नड्डा ने यहां पार्टी विधायकों एवं सांसदों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद यह अपील की। कार्यक्रम में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्रियों जुएल उरांव, धर्मेंद्र प्रधान व अश्विनी वैष्णव, ओडिशा भाजपा के अध्यक्ष मनमोहन सामल और पार्टी के अधिकांश सांसद एवं विधायक शामिल हुए। नड्डा ने 90 मिनट के संबोधन में पार्टी सांसदों को भाजपा एवं लोगों की सेवा करने की उनकी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया। भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता सारंगी ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी अध्यक्ष ने 14 बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया और प्रतिभागियों से गांवों में जाकर बुजुर्गों, दलितों, महिलाओं समेत विभिन्न वर्गों के लोगों से जुड़ने और उनके जीवन का हिस्सा बनने की अपील की।" चूंकि प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल विधायकों और

भाजपा विधायक का बड़ा दावा

# मणिपुर में कानून व्यवस्था सुधरी अब जल्द ही बनेगी नई सरकार

एजेंसी ▶▶ इंफाल



मणिपुर के भाजपा विधायक टी. रोबिन्द्रो ने शनिवार को दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और उम्मीद जताई कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मैतेई और कुकी नागरिक समूहों के बीच शांति वार्ता भी शुरू हो गई है। काकचिंग जिले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रोबिन्द्रो ने कहा कि कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। हमें पूरा विश्वास है कि केंद्र जल्द से जल्द नई सरकार का गठन करेगा। मैतेई और कुकी समूहों के बीच शांति वार्ता शुरू हो गई है। हमारा मानना है कि शांति लाने में सहायता के लिए निकट भविष्य में मैतेई और कुकी विधायकों के बीच बातचीत होगी। मुझे विश्वास है कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। रोबिन्द्रो ने कहा कि हमारेबीच नेता चुनने में कोई असमर्थता या मतभेद नहीं है।

सैफ हमला केस पर पुलिस की कार्रवाई

# 1613 पेज की चार्जशीट दायर 35 गवाहों के लिए बयान

एजेंसी ▶▶ मुंबई



सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने बांद्रा कोर्ट में 1613 से ज्यादा पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में कई खुलासे किए गए हैं। चार्जशीट में सैफ की पत्नी करीना कपूर का भी बयान है। उन्होंन कहा है कि घटना वाले दिन मैं अपनी दोस्त रिया कपूर से मिलकर रात 1 बजे घर लौटी।

करीब 2 बजे जहांगीर की नैनी उनके कमरे से चिल्लाते हुए बाहर आई। चार्जशीट में 35 गवाहों के स्टेटमेंट के साथ-साथ 25 सीसीटीवी फुटेज भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि उन्होंने मामले की जांच में करीब 300 सीसीटीवी फुटेज फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी भेजे थे, जिनमें से 25 फुटेज में शरीफुल दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपी शरीफुल इस्लाम के मोबाइल फोन की लोकेशन को भी सबूत के तौर पर चार्जशीट में दर्ज किया है।

# आगरा में उग्र हुआ करणी सेना का प्रदर्शन हाईवे ब्लॉक, सपा सांसद से माफी की मांग

एजेंसी ▶▶ आगरा

राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ आगरा में करणी सेना का प्रदर्शन अब उग्र हो चल रहा है।

आगरा के एत्मादपुर में राणा सांगा जयंती पर रक्त स्वाभिमान रैली में क्षत्रियों का रैला उमड़ा है। हाथों में तलवार और बंदूकों के साथ बड़ी संख्या में इस रैली में हिस्सा लेने के लिए युवा भी पहुंचे हैं। हाईवे की दुकानें बंद करा दी गई हैं। बुलडोजर पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। आयोजन स्थल पर अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं। पुलिस ड्रोन से भी निगरानी कर रही है। बड़ी संख्या में उमड़ी को देख पुलिस के पसीने भी छूट रहे हैं।

## राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी का मामला

### सपा सांसद के घर बढ़ाई सुरक्षा



पुलिस ने सपा सांसद के घर के बाहर सिक्योरिटी बढ़ा दी है। हथियारबंद पुलिसकर्मी खड़े किए गए हैं। सपा सांसद के घर की तरफ जाने वाले रास्तों में क्रेन खड़ी कर दी है। सांसद सुमन ने साफ कहा कि अराजक तत्वों से माफी मांगने का कोई सवाल ही नहीं है।

### लखनऊ में भीड़ ने किया पथराव



लखनऊ के महिंगवा के खंतारी गांव में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा सरकारी जमीन पर रखने को लेकर विवाद हो गया। इसे हटाने के विरोध में लोगों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष एकत्र होकर नारेबाजी करने लगीं।

महासचिव वेणुगोपाल ने दी जानकारी

### कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों के चयन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली(भाषा)।** कांग्रेस ने देश भर में अपनी जिला इकाइयों को सशक्त बनाने के अभियान के तहत शनिवार को गुजरात के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के 43 पर्यवेक्षकों और सात सह पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी (कमेटी) के 183 पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं। एआईसीसी पर्यवेक्षकों को जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के चयन और न्युक्ति की प्रक्रिया की निगरानी करने का काम सौंपा गया है।

### 'इंडिया' गठबंधन की स्थिति के बारे में कांग्रेस को बात करनी चाहिए : शिवसेना (उबाठा)

**नई दिल्ली(भाषा)।** मुंबई (भाषा) शिवसेना (उबाठा) ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन की स्थिति के बारे में बात करनी चाहिए और अहमदाबाद में पार्टी के हालिया अधिवेशन में विपक्षी गठबंधन के बारे में सवालों का जवाब देना चाहिए था। शिवसेना (उबाठा) ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय लेख में कहा कि कांग्रेस ने अहमदाबाद के पार्टी अधिवेशन में केवल अपने बारे में बात की और 'इंडिया' या भारत कहीं भी चर्चा में नहीं था। पार्टी ने कहा कि लोस चुनाव के बाद 'इंडिया' गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की स्थिति क्या है, इस पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस को अपने अहमदाबाद अधिवेशन में इस पर विचार करना चाहिए था।' शिवसेना (उबाठा) ने कहा कि गठबंधन का क्या हुआ? क्या यह जमीन में दब गया या हवा में गायब हो गया?

### सरकार नौकरी के आकांक्षियों की मांगों के प्रति संवेदनशील हो : पवार



**पुणे (भाषा)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना की तथा राज्य सरकार से उनके मुद्दों के प्रति संवेदनशील होने की अपील की। पुणे में विरोध प्रदर्शन करने के एक दिन बाद, अभ्यर्थियों ने शनिवार को पवार से मुलाकात की।

### मोदी 24 को बिहार का दौरा कर सकते हैं: रंजन



**पटना (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के अंत में 'पंचायती राज दिवस' के मौके पर आयोजित एक समारोह में शामिल होने के लिए बिहार का दौरा करेंगे। केंद्रीय पंचायत राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंचायती राज विभाग का प्रभार संभाल रहे जद (यू) नेता प्रदेश भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बात कर रहे थे, जहां बिहार में राजग के नेताओं ने प्रधानमंत्री के 24 अप्रैल के दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक में हिस्सा लिया। बैठक को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मधुबनी के अधिकारियों से बातचीत की। मधुबनी उत्तर बिहार का वह जिला है जहां प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का कार्यक्रम है। सिंह ने कहा कि पंचायत दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री का मधुबनी दौरा ऐतिहासिक होगा।' यह पूछे जाने पर कि क्या इस दौरे का इस्तेमाल आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजग की एकता के बारे में राजनीतिक संदेश भेजने के लिए किया जा रहा है।

शहीद हेमराज की बेटी की शादी में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष

# मायरा लेकर पहुंचे, निभाया छह साल पुराना भाई का वादा

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के सांगोद में 12 अप्रैल को एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शहीद हेमराज मीणा की बेटी की शादी में मायरा (भात) लेकर पहुंचे। इस मौके पर पूरे गांव में खुशी का माहौल था, और हर किसी की आंखें इस भावनात्मक रिश्ते को देखकर नम हो गईं। सीआरपीएफ के जवान हेमराज मीणा पुलवामा हमले में 6 साल पहले शहीद हो गए थे। उनके शहीद होने के बाद उनका परिवार गहरे दुख में था। उसी समय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वीरांगना मधुबाला को अपनी बहन माना और परिवार की जिम्मेदारी निभाने का वादा किया था। तब से अब तक वे हर राखी और भाई दूज पर बहन से तिलक और राखी बंधवाते रहे।

**हर राखी और भाई दूज पर बहन से तिलक और राखी बंधवाते**





**रस्म निभाने खुद पहुंचे करवाया तिलक**

अब जब शहीद हेमराज की बेटी की शादी का समय आया, तो ओम बिरला मायरा की रस्म निभाने खुद पहुंचे। उन्होंने बहन मधुबाला को चुनरी ओढ़ाई और पूरे रीति-रिवाजों के साथ तिलक करवाया। बहन ने भी परंपरा अनुसार उन्हें "बत्तीसी" झिलाई और तिलक व आरती की। इस मौके पर राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद रहे।

### शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

कार्यक्रम के दौरान ओम बिरला ने शहीद हेमराज मीणा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरा परिवार और गांववाले इस दृश्य को देखकर भावुक हो गए। इस अनूठे मायरे ने न केवल एक बहन-भाई के रिश्ते को मजबूत किया, बल्कि शहीद परिवारों के सम्मान और समर्थन की एक मिसाल भी पेश की।

श्री भाव भावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में भागवत बोले

# धर्म सभी को सुख की ओर ले जा सकता है, हमें लालच या भय से धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहिए

भाषा ▶▶ वलसाड (गुजरात)



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में लालच और प्रलोभन का सामना करना पड़ सकता है और ये चीजें लोगों को उनके धर्म से दूर कर सकती हैं, लेकिन धर्म ही सभी को खुशी की ओर ले जा सकता है। भागवत ने वलसाड जिले के बारुमल स्थित सद्गुरुधाम में श्री भाव भावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में भाग लेते हुए कहा कि लोगों को लालच या भय के प्रभाव में आकर अपना धर्म नहीं बदलना चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा, ''हम एकजुट होना जानते हैं और एकजुट होना चाहते हैं। हम लड़ना नहीं चाहते। लेकिन हमें खुद को बचाना होगा क्योंकि आज भी ऐसी ताकतें हैं जो चाहती हैं कि हम बदल जाएं (धर्म परिवर्तन कर लें)।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन जब हमारे दैनिक जीवन में ऐसी कोई ताकत नहीं होती, तब भी लालच और प्रलोभन की घटनाएं सामने आती हैं।'' भागवत ने कहा कि महाभारत के समय धर्म परिवर्तन करने वाला कोई नहीं था, लेकिन पांडवों का राज्य हड़पने के लालच में दुर्योधन ने जो किया वह 'अधर्म' था। उन्होंने कहा, ''धार्मिक आचरण नियमित रूप से किया जाना चाहिए। हमें आसक्ति और मोह के प्रभाव में आकर काम नहीं करना चाहिए, न ही स्वार्थ में फंसना चाहिए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## आतंकी राणा से पूछताछ जारी, बाहर आ सकते हैं कई बड़े राज

# तहव्वुर राणा से एनआईए की पूछताछ, हर बार कह रहा- कुछ याद नहीं, हेडली से दोस्ती कबूली

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड में से एक तहव्वुर हुसैन राणा से जांच एजेंसी एनआईए ने पहले दौर की पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि राणा ज्यादातर सवालों के जवाब में यही कह रहा है कि उसे कुछ याद नहीं। एक और साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली से अपनी दोस्ती की बात मानी है। कोर्ट की मदद से एनआईए राणा की आवाज का सैंपल भी लेगी, ताकि उसकी और हेडली की आवाज का मिलान किया जा सके। बता दें कि 10 अप्रैल को अदालत ने उसे 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया था। बता दे कि राणा को दिल्ली में एनआईए हेडक्वॉर्टर के ग्राउंड फ्लोर पर रखा गया है।

**खास बातें**

- एनआई ने तहव्वुर राणा से मुंबई हमले को लेकर पूछताछ की
- राणा ने हेडली के साथ दोस्ती की बात स्वीकार की

### पाक सेना छोड़ने के बाद भी वर्दी पहनता था राणा



*26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से पूछताछ कर रही है। अब तक के सवाल-जवाब में कई सारे नए खुलासे हुए हैं। पता चला कि पाकिस्तानी सेना का मेडिकल कोर छोड़ने के बाद भी वह लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लोगों से मिलते वक्त सैन्य वर्दी पहना रहता था। रिपोर्ट के अनुसार, राणा पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के चिचावटनी गांव का रहने वाला है और उसके पिता स्कूल प्रिंसिपल थे। तहव्वुर राणा के तीन भाई हैं। उसका एक भाई पाकिस्तानी सेना में साइकोलॉजिस्ट है, जबकि दूसरा पत्रकार है। उसने कैडेट कॉलेज हसनाबदल में पढ़ाई की, जहां उसकी मुलाकात डेविड कोलमैन हेडली (दाऊद सईद गिलानी) से हुई, जो 26/11 हमलों से जुड़ा है और फिलहाल अमेरिकी जेल में बंद है।*

### राणा ने दिल्ली की गर्मी पर कहा-वेरी हॉट

जांच एजेंसियां उससे पूछ रही हैं कि मुंबई हमले के बारे में साजिश रचने में कौन-कौन शामिल थे? मुख्य साजिश कहां रची गई? आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले कौन-कौन लोग हैं, पाकिस्तान की तरफ से आईएसआई के अलावा आर्मी और अन्य का भी कितना रोल था। अमेरिकी मार्शलों ने तहव्वुर को जंजीरों में जकड़कर एनआईए टीम को सौंपा था। दिल्ली आते हुए उसकी बेड़ियां खोली गईं और कपड़े दिए गए। जब प्लेन से वह बाहर निकला तो दिल्ली की गर्मी पर कहा- वेरी हॉट।

**पर्यटकों का डेटा खंगाला**

### सुरक्षा एजेंसियों को द्यमिली थी ये जानकारी

*अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद तिहाड़ जेल भेजे गए मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा के आगरा में आकर ताजमहल देखने और पत्नी के साथ होटल में रुकने की जानकारी मिली थी। तब सुरक्षा एजेंसियों ने विदेशी पर्यटकों का डाटा खंगाला था। तब बालूगंज के कई होटलों में छानबीन की गई थी। एलआईयू के पुलिस लाइन के ऑफिस में भी विदेशी पर्यटकों का ब्योरा देखा गया था। तब तहव्वुर राणा और उसकी पत्नी के आगरा में ठहरने और ताजमहल देखने के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी थी। आज तक यह साफ नहीं हो सका कि मुंबई हमले से पहले राणा आगरा में क्यों आया था? ऐसे में कयास यह लगाए गए थे कि तहव्वुर राणा ने पहचान बदलकर आगरा में प्रवास किया होगा। अब उसके भारत में आने के बाद एनआईए सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में कुछ राज सामने आ सकते हैं।*

# ट्रंप सरकार का तुगलकी फरमान...

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

**अब अमेरिका में 24 घंटे वैध प्रवास का प्रमाण लेकर घूमेंगे भारतीय कामगार**

**कभी भी पड़ सकती है प्रशासन को आईडी प्रूफ दिखाने की जरूरत।**

अगर आने वाले वक्त में किसी भारतीय को अमेरिका में रहकर पढ़ाई या नौकरी करनी है। तो उसे चौबीसों घंटे अपने साथ वैध प्रवास का दस्तावेजी प्रमाण लेकर चलना पड़ेगा। क्योंकि इसके बिना पकड़े जाने पर कब दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क से आपको बाहर कर दिया जाएगा, पता ही नहीं चलेगा। जी हां, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने बीते शुक्रवार (11 अप्रैल) को इस संबंध में एक आदेश लागू कर दिया है। जिसमें अमेरिका में रह रहे प्रवासियों को 24 घंटे अपने साथ वैध प्रवास का प्रमाण लेकर रहना पड़ेगा। मूल रूप से ये आदेश अमेरिका की एक



अदालत द्वारा अवैध प्रवासियों के दस्तावेजों के साथ पंजीकरण कराने और दस्तावेज साथ रखने के आदेश से जुड़ा हुआ है। जिसकी ट्रंप ने अपने कार्यकारी आदेश के जरिए अनुपालना शुरू की है। इसकी मदद से अवैध प्रवासियों के साथ-साथ उन लाखों लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सकेगी जो गलत तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं। अमेरिका इसे अपने नागरिकों को बाहरी लोगों से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में उठाया गया कदम बता रहा है।

### नियम न मानने वालों को राहत नहीं

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा अमेरिका में जो लोग वैध वीजा (काम, पढ़ाई) या ग्रीन कार्ड के साथ रह रहे हैं। उन्हें फार्म-जी-325 आर के साथ पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। क्योंकि वह पहले से ही अमेरिकी प्रशासन के रिकॉर्ड में पंजीकृत हैं। लेकिन उन्हें हमेशा वैध प्रवास के दस्तावेज अपने साथ लेकर रहना पड़ेगा और आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन को उन्हें दिखाना भी पड़ेगा। नियम न मानने वालों को कोई राहत प्रदान नहीं की जाएगी।

## तेहरान की अमेरिकी दूत के साथ 'अप्रत्यक्ष वार्ता' शुरू हुई : ईरान



**मस्कट (एपी)।** ईरान और अमेरिका ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ओमान में बातचीत शुरू कर दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने एक सोशल मीडिया मंच पर यह जानकारी साझा की। इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में वापसी के बाद ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पहली वार्ता से पहले ईरान और अमेरिका के राजदूत शनिवार को ओमान पहुंचे। किसी समझौते की तत्काल संभावना नहीं है, लेकिन करीब 50 वर्ष से दुश्मनी के दौर से गुजर रहे इन दोनों देशों के लिए वार्ता का महत्व और भी बढ़ गया है। ट्रंप ने बार-बार धमकी दी थी कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो वे ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर हवाई हमले करेंगे।

ईरानी अधिकारी लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि वे अपने यूरेनियम भंडार को हथियार-स्तर के करीब समृद्ध कर परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकते हैं।

एसोसिएटेड प्रेस द्वारा विश्लेषण किए गए 'फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा' से पता चला कि रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में पुलकोवो हवाई अड्डे से एक निजी जेट शनिवार सुबह ओमान पहुंचा। पश्चिमी एशिया के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वहीं मुलाकात की थी।

### आज से होगी अफ्रीका महाद्वीप के देशों संग 'अकेयम' युद्धाभ्यास की शुरुआत

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** भारत समेत अफ्रीका महाद्वीप के कुल 9 देशों की नौसेनाओं के बीच रविवार से छह दिवसीय अकेयम (अफ्रीका-इंडिया की मेरीटाइम इंगेजमेंट ऑफ दार-एस-सलाम) संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरुआत होगी। जिसमें शामिल होने के लिए नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शनिवार को तंजानिया रवाना हो गए। इस वर्ष अकेयम युद्धाभ्यास का पहला संस्करण है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धाभ्यास का संस्कृत भाषा में अर्थ एकता होता है और उसमें भारत, कोमोरोस, जिबूती, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण-अफ्रीका की नौसेनाएं अपने जंगी बेड़े के साथ भाग लेंगी। अकेयम के सह-मेजबानों में भारत और तंजानिया शामिल हैं। नौसेनाप्रमुख की तंजानिया यात्रा 12 से 16 अप्रैल तक की है। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और सामरिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाना है।



## डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर बोले केंद्रीय मंत्री

# भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क में काम करेगा लेकिन सुधार जरूरी : पीयूष गोयल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विकासशील देशों की परिभाषा का दोबारा मूल्यांकन करने की जरूरत समझाई और ई-कॉमर्स नियमों, कृषि निर्णयों और मत्स्य पालन वार्ताओं पर स्पष्टता का आह्वान किया। उन्होंने 9वें ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में कहा, भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क के भीतर काम करेगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित हमारे द्विपक्षीय समझौते इसके दायरे में काम करते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक व्यापार को नया रूप देने में खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विश्वसनीय भागीदारों के साथ भारत के लिए आगे के अवसरों पर प्रकाश डाला।

### चीन से एफडीआई पर अपनी बात रखी

*केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में ही कम से कम आठ उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए हैं, जो देश के साथ मजबूत व्यापार संबंध बनाने में दुनिया की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के मौजूदा टैरिफ संरक्षण उपाय मुख्य रूप से गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा, भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय साझेदारी करने के लिए अच्छी स्थिति में है जो पारस्परिकता, विश्वास और निष्पक्षता को महत्व देते हैं।*

## भारत-इटली आईएमईईसी के क्रियान्वयन के लिए साथ मिलकर काम करेंगे

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत और इटली ने संकल्प जताते हुए यह तय किया है कि वो रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और उच्च तकनीक जैसे क्षेत्रों के साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के क्रियान्वयन के लिए एकजुटता से काम करेंगे। दोनों देशों की इस कवायद का संबंध संयुक्त सामरिक कार्य योजना (जेएसएपी) 2025-29 से है। यह जानकारी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी की बीते 11 अप्रैल को नई दिल्ली में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक के निष्कर्ष के रूप में निकलकर सामने आई है। जिसके बारे में विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया। इतालवी मंत्री बीते शुक्रवार से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर थे। उधर जयशंकर-ताजानी की बातचीत में भारत और इटली के द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की गई। साथ ही दोनों ने सामरिक भागीदारी को ठोस परिणामों के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## ऑपरेशन ब्रह्मा: राजदूत ने सामग्री सौंपी

# भारत ने म्यांमार में भूकंप प्रभावित प्रवासियों को भेजी और सामग्री

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

म्यांमार में भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून में एक समुदाय राहत समूह को 15 टन चावल, खाना पकाने का तेल और अन्य खाद्य सामग्री सौंपी। वहीं, भारत के मंडले स्थित वाणिज्य दूतावास ने अंबिका मंदिर की रसोई के लिए जनरेटर, पानी शुद्ध करने वाली मशीन और तेल भेजा। यह रसोई हर दिन लगभग 4000 लोगों को भोजन प्रदान करती है। म्यांमार के सबसे अधिक प्रभावित शहर मंडले में भारतीय सेना के बनाए फील्ड अस्पताल में अब तक 1,651 का इलाज किया जा चुका है।

### अब तक 3,645 की मौत हो चुकी

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भूकंप में अब तक 3,645 लोगों की मौत हो चुकी है, 5,017 घायल हैं और 148 लोग अब भी लापता हैं। भूकंप ने म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ समेत छह राज्यों और क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। बिजली, फोन और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गए हैं, जिससे स्थिति का पूरी तरह से आकलन करना मुश्किल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक यह आपदा म्यांमार में पहले से जारी गृहयुद्ध के कारण पहले से ही खराब मानवीय संकट को और अधिक गंभीर बना रही है।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. ##Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. #USB charger is available as an accessory. The offer is applicable on purchase of HF Series from authorised dealers of HeroMotocorp using any HDFC Credit Card on all Pine Labs POS terminals.The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000. *Ex showroom price of HF Deluxe Self Start in Gurugram. T&C apply.

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868; Assandh: Sandhu Hero, 9289922815; Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433; Gohana: Krishna Hero, 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050; Jind: National Hero, 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062; Karnal: Nirmal Hero, 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988; Ladwa: Khanna Hero, 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490; Nuh: Sunil Hero, 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058; Narwana: Narwana Hero, 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877; Panchkula: Regent Hero, 9289923161; Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393; Rewari: Virendra Hero, 9289922060; Rohtak: Shivam Hero, 9289922047; Sirsa: Khanna Hero, 9289923195; Sonipat: Sidak Hero, 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394; Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon: Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jaasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694.

VML 5798 2025